Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 272 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

यह आत्मा ही अपने सुख-दुख को भोगता है।

This soul is the occupant of Happiness and sadness.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

देश की संपत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है : नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री ने अम्बिकापुर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- जब हम विकसित भारत की बात करते हैं तो कांग्रेस और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है

- कांग्रेस की नजर आपके आरक्षण पर ही नहीं बल्कि आपकी कमाई, मकान, दुकान, खेत-खलिहान, ज्वेलरी पर भी है
- 10 वर्षों में भांति-भांति की चुनौतियों के बाद भी यहां रेल, सड़क, एयरपोर्ट, मोबाइल टॉवर जैसी सेवाओं का लाभ मिला है

रायपुर/अंबिकापुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा द्वारा विरासत-कर संबंधी बयान पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन को एक बार फिर आड़े हाथों लिया और आगाह किया है कि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह नया विरासत कानून लाएगी। अगर भारत शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल बिगड़ जाएगा। अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वह भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं और इसलिए अब वह अमेरिका की तरफरुख कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के अम्बिकापुर में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आहूत विशाल जनसभा के संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें कि क्या वह पित्रोदा के बयान से सहमत हैं? कांग्रेस अगर पित्रोदा की राय से इत्तेफाक नहीं रखती है तो उसे अपने घोषणा पत्र से इस मुद्दे को वापस लेना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि पित्रोदा का बयान कांग्रेस का मकसद साफतौर पर जाहिर कर रहा है कि कांग्रेस देश की जनता की निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालना चाहती है और 'देश के संसाधन पर सबसे पहला अधिकार माइनॉरिटी और उसमें भी मुस्लिम लोगों का है' की मंशा को पूरी करते हुए इसका बँटवारा करना चाहती है, जैसा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल में कहा था। श्री मोदी ने कहा कि पित्रोदा ने अमेरिकी कानून भारत में लागू करके देशवासियों की सम्पत्ति हड़पना चाहती है। अब कांग्रेस या तो स्वीकार करे कि उसका मकसद वही है जो पित्रोदा ने कहा है, या फिर देश से माफी मांगकर इस मुद्दे को अपने घोषणापत्र से वापस ले। छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन कांग्रेस की इस बदनीयती को अच्छी तरह भाँप रही है और कांग्रेस दो टूक बता देगी कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग का है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार में आने पर कांग्रेस की सरकार माताओं-बहनों के सोना-चांदी का हिसाब करेगी और जाँच करेगी, और फिर वह सम्पत्ति उनको बाँट देगी, जिनके ज्यादा बच्चे हैं, उनको बाँटने की बात कह रही है, घुसपैठियों को बाँटने की बात कह रही है। अपनी मेहनत की कमाई का पैसा घुसपैठियों को दिया जाना देशवासियों को कतई मंजूर नहीं होगा। यह कांग्रेस की 'अर्बन नक्सली सोच' है। परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना आर्थिक साम्राज्य बना लिया है और अब उनकी नजर देशवासियों की सम्पत्ति पर पड़ गई है। देश की सम्पत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पुरानी यादों को जनता-जनार्दन के साथ साझा करते हुए कहा कि भाजपा ने जब उन्हें प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाया तो अंबिकापुर में लाल किला बनाया था। कांग्रेस के ईको सिस्टम है, जो आए दिन मोदी पर हमला करने के लिए जगह ढूंढते रहते हैं, उस पूरी टोली ने हमला बोल दिया था कि ये लालकिला कैसे बनाया जा सकता है? अभी तो प्रधानमंत्री का चुनाव बाकी है। ये लाल किला का दृश्य बनाकर वहां से सभा होने पर तूफान मचा दिया था। लेकिन सरगुजा और छत्तीसगढ़वासियों की सोच के कारण मोदी लाल किले तक पहुंचा और राष्ट्र को संदेश दिया और आज फिर अंबिकापुर क्षेत्र की जनता से आशीर्वाद मांगने आया है। श्री मोदी ने कहा कि अभी कुछ महीने पहले मैंने आपसे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के भ्रष्टाचारी पंजे को हटाने आशीर्वाद मांगा था और आप लोगों ने इसका मान रखा और सरगुजा से भ्रष्टाचारी पंजे को साफ कर दिया। आज आप लोगों के आशीर्वाद से सरगुजा आदिवासी समाज की संतान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बहुत तेजी के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कम समय में ही राकेट की गति से सरकार चलाई है। किसानों को दी गई गारंटी को पूरा किया। तेंदूपत्ता संग्राहकों को ज्यादा पैसा दे रहे हैं। महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जिस तरह से कांग्रेस के घोटालेबाजों पर एक्शन हो रहा है, उसे पूरा देश देख रहा है। जब हम विकसित भारत की बात करते हैं तो कांग्रेस और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। इसलिए वह भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं। ऐसी कांग्रेस सरकार जो आपस में ही लड़ती है, घोटाले करती रही है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सत्ता की लालच में देश को तबाह करने का रहा है। देश में आंतवाद फैला, नक्सलवाद बढ़ा। कांग्रेस के कुशासन और लापरवाही से देश बर्बाद होता गया। भाजपा सरकार आतंकवाद और नक्सलवाद पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है। इतना ही नहीं, जो लोग निर्दोषों को मारते हैं, लोगों का जीना हराम करते हैं, अगर वो मारे जाएँ तो ऐसे लोगों को शहीद बताते हैं। अगर ऐसा करते हैं तो वे देश के शहीदों, वीरों का अपमान करते हैं। इसी कांग्रेस की एक बड़ी नेता आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाती हैं। ऐसी ही करतूतों के कारण कांग्रेस देश का भरोसा खो चुकी है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप है। जब संविधान बन रहा था तब काफी चर्चा विचारण के बाद देश के सभी विद्वानों ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के नेतृत्व में यह तय किया गया कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। आरक्षण दलितों, आदिवासियों के नाम पर होगा। कांग्रेस ने कभी इन महापुरुषों, बाबासाहेब आंबेडकर की परवाह नहीं की। कांग्रेस ने कुछ बरस पहले आंध्रप्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास किया और उसके बाद देशभर में इसे लागू करने की योजना बनाई। धर्म के आधार पर 15 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही। साथ ही ये भी कहा कि एससी, एसटी और ओबीसी का कोटा काट कर उसी आधार पर आरक्षण दिया जाए। अपने 2009 के घोषणा पत्र में कांग्रेस ने अपनी यही इरादा जताया। 2014 के घोषणा पत्र में भी कांग्रेस ने साफसाफकहा था कि इस मामले को वे कभी छोड़ेंगे नहीं। धर्म के आधार पर आरक्षण देंगे। अगर दलितों, आदिवासियों का आरक्षण कट करना पड़े तो करेंगे। श्री मोदी ने कहा कि कई साल पहले कांग्रेस ने कर्नाटक में धर्म के आधार पर आरक्षण लागू किया था। जब भाजपा की सरकार आई तो हमने संविधान और बाबासाहेब की भावना के विरुद्ध कांग्रेस ने जो निर्णय लिया था, उसे खारिज किया। दलितों, आदिवासियों का आरक्षण वापस किया। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एक और पाप किया। मुस्लिम समुदाय की जितनी भी जातियाँ है सबको उन्होंने ओबीसी कोटे में डालकर ओबीसी बना दिया। जो हमारे देश के ओबीसी को लाभ मिलता वो कट गया। ऐसा कर कांग्रेस ने सामाजिक न्याय भारत के सेक्युलरजियम की हत्या की। वहाँ अपना यही मॉडल पूरे एससी एसटी ओबीसी का हक अपने वोट बैंक को देना चाहती है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस आपके आरक्षण को ही नहीं लूटना चाहती बल्कि उसके इरादे भी नेक नहीं है।

लोकसभा चुनाव में भी सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ में कांग्रेस खाता नहीं खुलना चाहिए : विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जैसे सरगुजा संभाग में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का खाता नहीं खुला, सुपड़ा साफ हो गया वैसे ही लोकसभा चुनाव में भी सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ में कांग्रेस खाता नहीं खुलना चाहिए। पूरी 11 सीटें जिताकर मोदी जी को सौंपनी है। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है। यह श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। श्री मोदी देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हुए 24 घंटो में 18 घंटे गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं की चिंता करते हुए काम करते हैं। आज विश्व में देश की 140 करोड़ जनता का जो मान बढ़ा है वो मोदी जी की ही देन है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन पर काम कर रहे हैं। श्री साय ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अपराध और भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था 36 वादे जनता से किए पर पूरा एक भी नहीं किया। भ्रष्टाचार के आरोप में इनके नेता और इनका साथ देने वाले अधिकारी जेल में बंद हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही 100 दिनों में मोदी जी की गारंटी को पूरा करने लगे हैं 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी गई है। किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस उनके खाते में हस्तांतरित कर दिया गया। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी 3,100 रूपए की दर से की गई। महिलाओं को महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त भी जारी कर दी गई है। तेंदुपत्ता संग्राहकों को 5,500 प्रति मानक बोरा खरीदी की जाएगी। साय सरकार में सारे काम सांय-सांय हो रहें हैं। कांग्रेस पार्टी यह भ्रम फैला रही है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है और केंद्र में भी भाजपा की सरकार बनते ही आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा परंतु मैं आप सभी को यह विश्वास दिलाता हूं कि आरक्षण खत्म नहीं होगा।

छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटें जीतेंगे ऐसा संकल्प लें : लक्ष्मी राजवाड़े

छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश का सेवक बनकर काम कर रहे हैं। उनके दस सालों का कार्यकाल आपने देखा है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने पांच साल कैसा काम किया, आप सबको पता है। पहले सरगुजा संभाग की सभी 14 सीटें कांग्रेस के पास थी, पर अब उल्टा हो गया। सभी सीटें भारतीय जनता पार्टी को जिताकर आपने दी। कांग्रेस लोकलुभावन वादे करके सत्ता प्राप्त की थी पर काम कुछ भी नहीं किया। मात्र तीन माह में ही विष्णुदेव साय की सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम शुरू कर दिया है। कांग्रेस जनता में यह भ्रम फैला रही हैं कि महिलाओं को चुनाव तक ही पैसा मिलेगा, मुफ्त राशन भी बंद हो जाएगा। श्रीमती राजवाड़े ने साफ कहा कि जब तक श्री साय की सरकार है तब तक जनता को दी हुई मोदी की गारंटी पूरी होती रहेगी।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की 26 अप्रैल को बेमेतरा में जनसभा

रायपुर (विसं)। लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल को दूसरे चरण और तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। 7 मई को होने वाले मतदान के लिए सभी पार्टियां तैयारियों में जुट गई है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व लगातार छत्तीसगढ़ का दौरा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर आए थे। पीएम मोदी से पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर आए थे। वहीं अब एक बार फिर गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे।

जानकारी के अनुसार, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह बेमेतरा जाएंगे और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में प्रचार करते हुए सभा को संबोधित करेंगे और जनता से भारी संख्या में मतदान करने की अपील करेंगे।

बता दें कि गृहमंत्री अमित शाह 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं और उसी दिन दूसरे चरण के लिए मतदान भी होना है। 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ की राजनंदगांव, कांकेर और महासमुंद लोकसभा सीट पर मतदान होना है। वहीं केंद्रीय गृहमंत्री के दौरे और सभा को लेकर बेमेतरा में तैयारियां शुरू कर दी गई है।

देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है कांग्रेस : सीएम योगी

बागपत (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बागपत लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में समुदाय विशेष के लिए व्यक्तिगत कानून लाने की बात लिखी है। इसके जरिये कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करके तालिबानी शासन लाना चाहती है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग बाबा साहब की ओर से बनाए गए संविधान के लिए खतरा हैं। ये कहते हैं कि हम एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। जबकि, वह आपकी संपत्ति और बेटियों-माताओं के गहने जब्त करने की साजिश रच रहे हैं। पहले इन्होंने छह दशक तक देश लूटा और अब हर संपत्ति पर डकैती डालकर अपने कब्जे में ले करके बंदरबांट की योजना बना रहे हैं।

कर्नाटक में बोलीं प्रियंका गांधी, मतदाताओं को मतदान करने से पहले दो बार सोचना चाहिए

चित्रदुर्ग (आरएनएस)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी ने कर्नाटक के मतदाताओं से नफरत भरे भाषणों से नाराज न होने की अपील की। प्रियंका गांधी का कहना है कि मतदाताओं को मतदान करने से पहले दो बार सोचना चाहिए। प्रियंका गांधी ने कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से देश के लिए और उनके विकास के लिए वोट करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि देश में जो हो रहा है वह गलत है। चंद लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए गरीबों, मध्यम वर्ग, मजदूरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय संपत्ति चंद लोगों को दी जा रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि केंद्र ने कर्नाटक को सूखा राहत नहीं दी। उत्तरी कर्नाटक के रायचूर शहर में एम्स की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन आज तक इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। कलसा-बंडूरी योजना से लोगों को पानी मिलेगा। केंद्र सरकार अनुमति देने से इनकार कर रही है। तुमकुर चिक्कमगलुरु और दावणगेरे जिले को पानी उपलब्ध कराने वाली अपर भद्रा परियोजना के लिए धनराशि जारी नहीं की जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने कर्नाटक को धन के मामले में 62 हजार करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है। प्रधानमंत्री दावा करते हैं कि वह दिन-रात काम करते हैं। फिर यह पक्षपातपूर्ण मानसिकता क्यों? संकट में फंसे हिमाचल प्रदेश को भी कुछ नहीं मिला। इससे पता चलता है कि उन्हें देश की कोई चिंता नहीं है।

प्रियंका गांधी ने यह भी घोषणा की कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो काडू गोल्ला समुदाय को एसटी का दर्जा मिलेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कानून बन जाएगा। कृषि उत्पादों पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। फसलों के लिए बीमा कवर होगा, जहां फसल नुकसान होने पर 30 दिन में मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान महंगाई, स्वास्थ्य के बारे में कोई बात नहीं होती है। केवल भड़काऊ भाषण दिए जाते हैं और भाजपा, सरकारों का गिरना सुनिश्चित करती है।

सैम पित्रोदा के विरासती टैक्स के बयान पर गरमाई सियासत, कांग्रेस ने काटी कन्नी

भाजपा हमलावर

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के एक बयान पर बवाल मच गया है। ये बयान विरासत टैक्स को लेकर है। हालांकि कांग्रेस ने सैम के बयान से कन्नी काटी है लेकिन भाजपा बयान को लेकर कांग्रेस पर हमलावर है। सैम ने कहा कि अमेरिका में लागू विरासत टैक्स के तहत अगर किसी शख्स के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है। उसके मरने के बाद 45 फीसदी संपत्ति उसके बच्चों को मिलती है, जबकि 55 फीसदी संपत्ति पर सरकार का मालिकाना हक हो जाता है। यह एक बड़ा ही दिलचस्प कानून है।

पित्रोदा ने यह भी कहा कि भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है। यहां अगर किसी के पास 10 अरब रुपए की संपत्ति है। उसके मरने के बाद उनके बच्चों को सारी की सारी प्रॉपर्टी मिल जाती है। जनता के लिए कुछ नहीं बचता। मुझे लगता है कि इस तरह के मुद्दों पर लोगों को चर्चा करनी चाहिए। पित्रोदा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कौन कह रहा है कि 55 फीसदी छिन लिया जाएगा? किसने कहा कि ऐसा कुछ भारत में होना चाहिए? भाजपा और मीडिया इतनी परेशान क्यों है? वहीं, सैम पित्रोदा की टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मैं सैम पित्रोदा से कहना चाहता हूं कि अच्छा है कि उन्होंने देश की जनता को राहुल गांधी की सोच के बारे में बताया, क्योंकि सैम पित्रोदा जी मार्गदर्शक भी हैं और दार्शनिक भी।

दरअसल, अमेरिका समेत कई देशों में इनहेरिटेंस टैक्स या विरासत कर लगता है, जिसकी सैम पित्रोदा ने वकालत की है।

नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सली कैम्प को किया ध्वस्त

कुकर बम बनाने का सामान जब्त

नारायणपुर (विसं)। नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के कैम्प पर धावा बोला। जवानों के पहुंचते ही सारे नक्सली मौके से भाग निकले। सुरक्षाबलों ने कैंप को ध्वस्त कर दिया है। मौके से बम बनाने का सामान समेत अन्य विस्फोटक सामान बरामद किए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के बड़ेरायनार के जंगल और पहाड़ में नक्सलियों की मौजूदगी है। इस सूचना पर जिला पुलिस बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और सीआरपीएफ की 16वीं बटालियन की संयुक्त टुकड़ी को मौके के लिए निकाला गया। सर्चिंग करते हुए जवान इस इलाके के जंगल में पहुंचे।

इधर जवानों को आता देख नक्सलियों के संतरी ने इसकी सूचना दे दी। जिसके बाद मौका रहते सारे नक्सली कैंप छोड़कर भाग निकले। हालांकि पुलिस ने घेराबंदी कर नक्सलियों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उन्हें इसमें नाकामी हाथ लगी। जवानों ने नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त कर दिया। मौके से बम बनाने का सामान, प्रेशर कुकर, बैटरी, बिजली वायर, नक्सली बैनर-पोस्टर और दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया है।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 12 राज्यों की 95 सीटों पर 1,351 प्रत्याशी, 7 मई को मतदान

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं। तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। इन 95 सीटों पर कुल 1,351 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इसमें मध्य प्रदेश के बैतूल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र में स्थगित चुनाव के लिए लड़ रहे 8 उम्मीदवार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त गुजरात के सूरत संसदीय क्षेत्र से एक उम्मीदवार को निर्विरोध चुना गया है।

सभी 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल थी। निर्वाचन आयोग के मुताबिक लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 95 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2,963 नामांकन दाखिल किए गए। सभी सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल थी। दाखिल सभी नामांकनों की जांच के बाद 1,563 नामांकन वैध पाए गए। इनमें से कई उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। जिसके बाद अब 1,351 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। तीसरे चरण में गुजरात में 26 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 658 नामांकन दाखिल किए गए थे, इसके बाद महाराष्ट्र में 11 संसदीय क्षेत्रों से 519 नामांकन थे। महाराष्ट्र में उस्मानाबाद संसदीय क्षेत्र में अधिकतम 77 नामांकन प्राप्त हुए, इसके बाद छत्तीसगढ़ में बिलासपुर संसदीय क्षेत्र में 68 नामांकन प्राप्त हुए।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू व वरिष्ठ अफसरों को मतदाता पर्ची का वितरण

रायपुर (विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर घर-घर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। आज मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, परिवहन विभाग के सचिव श्री एस. प्रकाश समेत अन्य अधिकारियों को मतदाता पर्ची का वितरण उनके निवास में किया गया। उन अफसरों को मतदाता पर्ची का वितरण एडीएम श्रीमती निधि साहू व एसडीएम श्री नंदकुमार चौबे ने किया। साथ ही उन्होंने मतदान का आग्रह भी किया।

सबसे सुरक्षित बस्तर में लगे भूकंप के झटके

जगदलपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ के उग्रवाद प्रभावित बस्तर अंचल में आज देर शाम भूकंप के झटके महसूस किये गए। मौसम विज्ञानी एच पी चंद्रा ने भूकंप के झटको के बारे में बताया कि बस्तर के सीमावर्ती तेलंगाना राज्य के संगारेड्डी नामक स्थान पर भूकंप का केंद्र बिंदु था। संगारेड्डी में रिएक्टर स्केल पर 2.6 डिग्री का भूकंप आने का अनुमान व्यक्त किया गया है। फिलहाल बस्तर में विशेष कर जगदलपुर शहर में आए भूकंप के झटके संगारेड्डी के भूकंप के झटको से ही जोड़कर देखा जा रहा है। मौसम विज्ञानी श्री चंद्रा ने आम जनता से अफवाहें से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि निरंतर अध्ययन जारी है। भूगर्भ शास्त्री जल्द ही भूकंप के इन झटकों के बारे में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करेंगे।

सामान्य प्रेक्षक रोहन चंद ठाकुर ने मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण

रायपुर (विश्व परिवार)। सामान्य प्रेक्षक श्री रोहन चंद ठाकुर ने आज विधानसभा नगर पश्चिम क्रमांक-49 के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। साथ मे ही एसएसटी पॉइंट नंदनवन का भी किया निरीक्षण।

शत-प्रतिशत मतदान का संदेश देने छतरी स्वीप रैली का किया गया आयोजन

कलेक्टर के नेतृत्व में कड़कती धूप के बीच छाता ओढ़ कर निकाली गई आकर्षक रैली

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एक ओर जहां टैक्टर रैली, ऑटो रैली, मशाल रैली, टॉर्च रैली, बाहर गए ग्रामीण को फोन कर आमंत्रित जैसे कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है.वही दूसरी ओर स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जिला मुख्यालय में छतरी स्वीप रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 3 किलोमीटर मार्ग को कलेक्टर के एल चौहान के नेतृत्व में के एल अधिकारी कर्मचारी सहित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा कड़कड़ती धूप के बीच पैदल चलकर पूरी की गई। रैली में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल होकर अधिकारियों का उत्साह बढ़ाया। इस रैली में शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत, राजस्व सहित अन्य छात्र, छात्राएं, शिक्षक, आमजन, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक, सहित अधिकारी कर्मचारी, मिडिया प्रतिनिधी बड़ी संख्या में शिरकत किए। इसके साथ ही रैली प्रारंभ आने से पूर्व कलेक्टर श्री चौहान ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।

कलेक्टर ने श्री चौहान ने कहा गांव की अपेक्षा शहरों में थोड़ा कम वोटिंग होता। लोग इस दिन के छुट्टी की तरह मान लेते है। हमे लोकतंत्र के इस महापर्व में भागादारी करने की अपील की है। उक्त छतरी रैली जिला मुख्यालय में पंडित चक्रपाणि स्कूल परिसर से प्रारंभ, सीएचएमओ ऑफिस होते हुए मुख्य मार्गो से अंबेडकर चौक से गौरवपथ होते हुए पुन: चक्रपाणि स्कूल में समाप्त हुआ। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल उप जिला निर्वाचन अधिकारी, आर आर दुबे, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद पंचायत सीईओ श्री मंडावी, सीएमओ श्री भोई, साक्षर भारत सोमेश्वर राव, अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारी गण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रैली में विशेष रूप से गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल, शासकीय पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शाश्वत हायर स्कूल के शिक्षको की विशेष योगदान रहा। इन स्कूलों के शिक्षकों ने बढ़चढ़ कर उत्साह के साथ रैली में हिस्सा लिया।

जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के जनरल ऑब्जर्वर पहुंचे बलौदाबाजार

लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों का लिया जायजा, अनुवीक्षण इकाइयों व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 3 जांजगीर-चाम्पा के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर (सामान्य प्रेक्षक) आईएएस सौरभ स्वामी बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की जनकरी ली। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के. एल. चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानन्द कुमार भी उपस्थित थे।

सामान्य प्रेक्षक श्री सौरभ स्वामी ने जिले में मतदाताओ की संख्या, मतदान केंद्र की संख्या, मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं, मदतदन दलों का प्रशिक्षण, ईव्हीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन, कमीशनिंग, डाक मतदान, वेब कास्टिंग, सुरक्षा व्यवस्था, एसएसटी, एफएसटी दलों द्वारा कार्यवाही, सी -विजिल एप्प में शिकायतों का निपटारा आदि की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कंट्रोल रूम, वीडियो निगरानी कक्ष, व्यय अनुवीक्षण इकाई, एमसीएमसी का निरीक्षण कर अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में पूछताछ की। इसके पश्चात सामान्य प्रेक्षक ने नवीन मंडी परिसर स्थित ईव्हीएम स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल का जायजा लिया।उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाबलों, सीसीटीवी कैमरा, डबल लॉक इत्यादि की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आर.आर.दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

28 अप्रैल रविवार को जी सिनेमा पर 'तेजस' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ होगी आतंकवाद से जंग

जरूरी नहीं है हर बार बातचीत होनी चाहिए...जंग के मैदान में आखिर जंग होनी चाहिए। जब आतंक के खिलाफ युद्ध की बात आती है तो सारा देश एकजुट हो जाता है। इस रविवार, 28 अप्रैल को दोपहर 12 बजे ज़ी सिनेमा आपके लिए लेकर आ रहा है बेमिसाल देशभक्ति और जबर्दस्त एक्शन से भरपूर फिल्म 'तेजस' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर। प्रतिभाशाली अभिनेत्री कंगना राणावत के अभिनय से सजी फिल्म 'तेजस' आतंकवाद के खिलाफ जारी देश की लड़ाई को असरदार ढंग से दिखाती है।

एक जांबाज़ एयर फोर्स पायलट, एक खतरनाक मिशन और एक छिपे हुए दुश्मन की दहशत...जब पूरे देश का भविष्य दांव पर लगा हो तो इससे बढ़कर और कुछ नहीं हो सकता! सर्वेश मेवाड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अंशुल चौहान, आशीष विद्यार्थी, वरुण मित्रा और विशाक नायर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। जबर्दस्त आसमानी दृश्य और हैरतअंगेज एक्शन शॉट्स के साथ 'तेजस' दर्शकों को रोमांस, सस्पेंस और देशभक्ति के शानदार सफर पर ले जाने का वादा करती है।

यह फिल्म एक बहादुर फाइटर पायलट तेजस और अपने देश को बचाने के उसके अटूट हौसले की कहानी बयान करती है जहां वो जोखिम भरे बचाव मिशन पर निकल पड़ती है। इस फिल्म में उसके एयरफोर्स एकेडमी की एक ज़िद्दी कैडेट होने से लेकर एक जुनूनी पायलट बनने तक का सफर है, जहां वो अपने दुःखद अतीत से भी जूझती है। अपनी सहयोगी और को-पायलट आफिया के साथ मिलकर तेजस को ऐसे एक आतंकवादी हमले को नाकाम करना है, जो पूरे देश को हिलाकर रख सकता है। क्या वो इसमें कामयाब होगी? जानने के लिए अपने कैलेंडर पर तारीख तय कर लीजिए! देखिए तेजस, रविवार 28 अप्रैल को दोपहर 12 बजे, सिर्फ ज़ी सिनेमा पर।

शिवाजी स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण : मानसी पाण्डे, रोजिना खातून, काव्यांश देवांगन व लक्ष छाजेड़ चुने गए सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल, पुरानी बस्ती व प्रोफेसर कॉलोनी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल संचालक मुकेश शाह, प्राचार्या द्वय नफीसा रंगवाला व रशीदा फजली ने वर्ष भर में आयोजित स्पर्धाओं के विजेताओं समेत विभिन्न वर्गों के पुरस्कार प्रदान किए। वर्ष भर अपनी सक्रियता, अनुशासन, अध्ययन, रचनात्मकता तथा सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार दिया जाता है जो इस वर्ष मानसी पाण्डे, रोजिना खातून, काव्यांश देवांगन व लक्ष छाजेड़ को दिया गया।

इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ अनुशासित विद्यार्थी के लिए महक मेघानी, पूर्विका ठाकुर, कन्हैया यदु व अनघ देशकर को सम्मानित किया गया। वर्ष भर सभी कार्यक्रमों व स्कूल की अन्य व्यवस्था संबंधी गतिविधियों में पूर्ण सक्रियता से भाग लेने के लिए शिफा जोया, याशिका पृथवानी, अक्ष अग्रवाल व संजोग कुमार को सर्वाधिक सक्रिय विद्यार्थी का पुरस्कार दिया गया।

सर्वश्रेष्ठ सदन (बेस्ट हाउस) के लिए प्रभारी शिक्षिकाएं पुष्पा सोनी, ज्योति रवानी, आरती शर्मा, वर्षा साहू, स्वधा श्रीवास्तव, जनकुमारी बंजारे व अनामिका साहू पुरस्कृत किए गए, जबकि इन्ही सदनों के प्रभारी विद्यार्थियों अलिशा परवीन, अंजली घोष, हर्षिता साहू, गार्गी यदु, सत्यम साहू, रौनक अग्रवाल, जय सागर व शौर्य अवधिया को भी उनके सदनों को सर्वश्रेष्ठ सदन के लिए पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए उनके बीच से कुछ विद्यार्थियों को प्रभार दिया जाता है ऐसे विद्यार्थियों में हेड गर्ल महक परवीन, असिस्टेंट हेड गर्ल मेघा सोनकर, जूनियर हेड गर्ल वीणा साहू, हेड बॉय आकाश सोनकर, असिस्टेंट हेड ब्वॉय सागर देवांगन, जूनियर हेड बॉय सनी जाना को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा इस वर्ष में साल भर स्कूल में उपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया। विशेष तौर पर दो सगे भाई भाई-बहन आकाश सोनकर व मेघा सोनकर के लिए सबके सामने विशेष प्रशंसा कर तालियों से अभिनंदन किया गया जिन्होंने पिछले 15 वर्षों में अर्थात् नर्सरी से बारहवीं तक में एक भी दिन की छुट्टी नहीं ली। गत् वर्ष अपनी कक्षाओं में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिकाओं निर्मला बिसेन, पार्वती देवांगन, रूपा साहू, किरण साहू, शिरीन परवीन, नीना शर्मा ने भी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

सामान्य प्रेक्षक ने किया पाटन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भ्रमण

दुर्ग (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र निर्वाचन क्रमांक 07 दुर्ग के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री लथकर श्रीकेश बालाजी राव (आईएएस) ने आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन अंतर्गत कुम्हारी, कुकदा, पतोरा, सेलूद, ठकुराईन टोला, अखरा, डीडाभाठा (रानीतराई), जामगांव (आर) आदि ग्रामों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिसमें संगवारी मतदान केन्द्र, दिव्यांग मतदान केन्द्र तथा क्रिटिकल मतदान केन्द्र भी शामिल थे। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केन्द्रों हेतु आवश्यक व्यवस्थायें जैसे पेयजल, शेड आदि संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया। जहां एक से अधिक मतदान केन्द्र है, वहां मतदान कक्षों तक जाने मार्ग चिन्हित करने निर्देशित किया है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार पाटन, नगर पालिक अधिकारी कुम्हारी, सुपरवाईजर, बीएलओ एवं स्कूलों के प्रधानपाठक उपस्थित थे।

बच्चों की बढ़ती उम्र के साथ कैसा हो खानपान, बताया डॉ. शिल्पा भार्गव ने

प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों की स्वास्थ्य जांच करतीं हुईं डॉ. शिल्पा भार्गव

संत ज्ञानेश्वर स्कूल में निःशुल्क शिविर में बच्चों की अभिभावकों के साथ स्वास्थ्य जांच

रायपुर (विश्व परिवार)। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में बुधवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित गए, जिसमें सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर हुई पैरेंट्स- टीचर मीटिंग के साथ नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर भी लगाया गया। शिविर में पहुंची चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. शिल्पा भार्गव ने बच्चों की बढ़ती उम्र के साथ बदलते हार्मोस और खानपान को लेकर अभिभावकों से चर्चा की। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी टिप्स दिए। उन्होंने ग्रीष्म काल में ज्यादा अलर्ट रहने की सलाह भी दी।

मोवा स्थित ब्लू बर्ड चिल्ड्रंस हॉस्पिटल की चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. शिल्पा भार्गव ने बच्चों के उम्र के हिसाब से ऊंचाई, वजन, खानपान और बढ़ती उम्र के साथ हार्मोंस में आने वाले बदलाव पर पालकों से चर्चा की और उन्हें जागरूक किया। उन्होंने गर्मी के दिनों में डाइट प्लान पर जरूरी सुझाव देते हुए कहा कि इन दिनों भोजन में गरम मसाले से बचना चाहिए। जरूरी न हो तब तक दोपहर 12:00 से 3:00 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। इस दौरान सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणें स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह होती है। बच्चों सहित परिवार के हर सदस्य को अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए, ताकि पसीने के रूप में निकलने वाले पानी के बावजूद शरीर में पानी की कमी न हो। शिविर में बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि गर्मी की छुट्टी में बच्चे खुद को स्वस्थ और सक्रिय रखें। इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। महाराष्ट्र मंडल की परंपरा के अनुसार डॉ. शिल्पा का सूतमाला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। प्राचार्य ने बताया कि सेंटर फार्मा से अभिलाष अग्निहोत्री, रोहित चौरसिया व शैलेश पांडे ने भी शिविर में सहयोग दिया।

लोकसभा निर्वाचन 2024 : कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मतदाता पर्ची वितरण कार्य की समीक्षा की

रायपुर (विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कलेक्टर सभा कक्ष में सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर मतदाता पर्ची वितरण कार्य की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सेक्टर अधिकारी मतदाता पर्ची वितरण कार्य की मॉनीटरिंग करें और गंभीरता के साथ कार्य करें। निर्धारित समय-सीमा के भीतर मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित की जाएं। मतदान बूथों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने कहा कि मतदान केंद्रों में टॉयलेट, पंखा इत्यादि सुविधाएं होनी चाहिए। साथ ही मतदान केंद्रों में बड़े हॉल में मतदाताओं के लिए मतदाता प्रतिक्षा कक्ष का चिंहाकन किया जाएं। निर्धारित समय-सीमा में तेजी के साथ मतदाता पर्ची वितरण करने वाले बीएलओ को सम्मान भी किया जाएगा। सभी सेक्टर अधिकारी मतदाता पर्ची कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन तैयार करें। सेक्टर अधिकारियों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी वीडियो भी तैयार किए गए है। जिसके माध्यम से भी सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण में आसानी हो रही है। इस अवसर पर एआरओ श्री मनोज कोसरिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10893/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 24-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10893
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801O00211** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHYAMA DEVI BHARDWAJ** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PAWAN BHARDWAJ** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUKHWANT SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PARGAT SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./9792/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 18-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 9792
वार्ड का नाम-16 - वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107F00140** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ISHWAR PRASAD DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANSUKH LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BALKISHAN SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JHUMUK SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./10151/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 23-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10151
वार्ड का नाम-18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110C00279** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **V.B. GAJBHIYE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BISAN GAJBHIYE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NALINI GAJBHIYE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE BRIJ LAL GAJBHIYE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ ...../ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./10877/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 24-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10877
वार्ड का नाम- 65 - माहामाया मंदिर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 65 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR561A00114** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ARUNA DEWANGAN W/O LATE NILESH KUMAR DEWANGAN, KU. SUHANI, KU. ANSHIKA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE NILESH KUMAR DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DEWASHRI PANSARI** पिता/पति श्री/श्रीमती **D/O RAMKRISHNA PANSARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./10886/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 24-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10886
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652F0112B** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAHMAT ALI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JALALUDDIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANITA SONI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O RISHI LAL SONI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./10860/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 24-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10860
वार्ड का नाम- 36- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR436K00254** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **DILSHAH BEGAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MO. KADIR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती अफरोज बेगम** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति श्री अब्दुल शाहिद खान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के.डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर गुरूवार 25 अप्रैल 2024

प्रेक्षक पगारे ने विभिन्न कक्ष जाकर व्यवस्था का लिया जायजा

पैड, फेक व भ्रामक समाचारों की मॉनिटरिंग बेहतर ढंग से करने के लिए बधाई भी दिए

कोरिया (विश्व परिवार)। स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए लोकसभा क्षेत्र 04 कोरबा (विधानसभा क्षेत्र बैकुंठपुर, भरतपुर-सोनहत) के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कैलाश सुखदेव पगारे को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बैकुंठपुर व सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में मतदान के लिए किए जा रहे तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर लंगेह ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए बैकुंठपुर में 228 तथा सोनहत (आंशिक) में 78 इस तरह 306 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 304 मतदान केंद्रों में रैम्प, बिजली व शौचालय की व्यवस्था की गई है। सामान्य प्रेक्षक को जानकारी देते हुए कहा कि पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 363 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 960 है। बैठक में उपस्थित जिले के पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने जानकारी दी कि आचार संहिता लगने के बाद लगातार अपराधियों की धरपकड़ की कार्यवाही की गई है। साथ ही अवैध शराब विक्रय करने वालों के खिलाफ छापामार कार्यवाही की गई है। कानून व्यवस्था व शांति पूर्वक निर्वाचन सम्पन्न हो इसके लिए आवश्यक पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सामान्य प्रेक्षक पगारे ने नोडल अधिकारियों को कहा कि आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें साथ ही मतदाता सूची प्रकाशित करने के पूर्व पूरी तरह से अध्ययन कर लें। स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के बारे में सामान्य प्रेक्षक पगारे को जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने किए जा रहे गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गांव-गांव में मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाने की जानकारी दी साथ ही मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण के सम्बंध में भी अवगत कराया। पगारे ने कलेक्ट्रेट कक्ष में बनाए गए एमसीएमसी कक्ष का अवलोकन किए। उन्होंने पैड, फेक व भ्रामक समाचारों की मॉनिटरिंग बेहतर ढंग से करने के लिए बधाई भी दिए। पगारे ने नियंत्रण कक्ष व निर्वाचन व्यय नियंत्रण कक्ष जाकर पंजी रजिस्टर का अवलोकन भी किए।

प्रेक्षक एवं कलेक्टर की उपस्थिति में ईव्हीएम व वीवीपैट कमिशनिंग का दिया गया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में मशीनों के तकनीकी पहलुओं की दी गई विस्तृत जानकारी

कोरबा (विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 को समयबद्धता, पारदर्शिता एवं त्रुटिरहित सम्पन्न कराने हेतु जिले में निर्वाचन कार्य अंतर्गत ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट कमिशनिंग कार्य हेतु संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को आज कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेम सिंह मीणा व कलेक्टर श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में जिला मास्टर ट्रेनर डॉ. एम. एम. जोशी द्वारा ईवीएम कमिशनिंग का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित हुआ, जिसके अंतर्गत प्रथम पाली में विधानसभा कटघोरा एवं पाली-तानाखार के मास्टर ट्रेनरों व सेक्टर ऑफिसर्स का प्रशिक्षण सबेरे 11 से 2 बजे एवं विधानसभा कोरबा व रामपुर के अधिकारियों को दोपहर 2रू30 से 5रू30 बजे तक ईवीएम कमिशनिंग का प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनिंग में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान प्रक्रिया के लिए कमीशनिंग की आवश्यकता के साथ ही ईवीएम और वीवीपैट मशीन को तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रेक्षक श्री मीणा ने कहा कि ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमिशनिंग कार्य बहुत जिम्मेदारी वाला कार्य है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य अबाधित एवं सुचारू रूप से संपादन के लिए कमीशनिंग कार्य का पूर्ण गुणवत्तापूर्वक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कमिशनिंग कार्य में लगे अधिकारियों को आवश्यक सुझाव व मार्गदर्शन प्रदान किया। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि आज लोकसभा निर्वाचन के लिए उपयोग में आने वाली ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का कमीशनिंग के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कमिशनिंग का कार्य महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। इस हेतु कमिशनिंग कार्य में नियुक्त अधिकारी अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं अपने कार्यो को पूरी ईमानदारी से संपादित करें। ईवीएम के प्रत्येक बिंदु की जानकारी होने से निर्वाचन कार्य कराने में आसानी होगी। कलेक्टर ने सभी को टीम भावना के साथ समय का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

इंटर्नशिप राशि व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के संबंध में कार्रवाई

महासमुंद (विश्व परिवार)। विकासखण्ड बागबाहरा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी में इंटर्नशिप राशि व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुश्री सविता चंद्राकर व्याख्याता (एल.बी.) द्वारा शामिल अतिथियों (राजनीतिक पृष्ठभूमि) के साथ मंच साझा किया गया। जिसमें अतिथियों से इंटर्नशिप राशि व प्रमाण पत्र वितरण फोटो का विभिन्न दैनिक समाचारों पत्रों में कवरेज किया गया। प्रभारी प्राचार्य सुश्री सविता चंद्राकर द्वारा व्हाट्सअप संदेश के माध्यम से अतिथियों को कार्यक्रम के लिए अवगत कराया गया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक द्वारा सुश्री सविता चंद्राकर व्याख्याता (एल.बी) प्रभारी प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा 41-खल्लारी से प्राप्त निलंबन अनुशंसा पत्र के अनुसार छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उक्त कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के नियम 129 व 134 तथा छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1, 2, 3 का प्रथम दृष्टया उल्लंघन है, जो कि छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत दण्डनीय है। निलंबन अवधि में सुश्री सविता चंद्राकर व्याख्याता (एल.बी.) का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद किया गया है।

मतदाताओं को जागरूक करने कलेक्ट्रेट में बनाया गया है सेल्फी जोन

जशपुरनगर (विश्व परिवार)। आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर जिले में मतदाता जागरूकता के लिए कई गतिविधियां संचालित किया जा रहा है। ताकि शत-प्रतिशत मतदान हो सके। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिले में 7 मई को मतदान होगा। अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए उन्हें विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नई पहल की है। इस पहल के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। जिसमें 07 मई की भोर, चलो मतदान केंद्र की ओर और शत-प्रतिशत मतदान, बढ़ेगा जशपुर का सम्मान जैसे स्लोगन, नारे के माध्मम से मतदाताओं को वोट देने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यहाँ आने वाले लोग सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसके अलावा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने एवं उन्हें मतदान के प्रति उत्साह जगाने के उद्देश्य से जिले भर के स्कूल-कॉलेजों में कई गतिविधियाँ संचालित किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में बने इस आकर्षक सेल्फी प्वाइंट पर अधिकारियों-कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने सेल्फी लेकर सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया।

पुलिस ने मार्केटिंग कंपनी से रकम वापस दिला युवकों को किया गृहग्राम रवाना

कोरबा (विश्व परिवार)। शहर में कई ऐसी मार्केटिंग कंपनियां संचालित है, जहां बेरोजगारों को अच्छी नौकरी व वेतन का सब्जबाग दिखाकर लूटा जा रहा। यदि कोई बेरोजगार नौकरी की लालच में एक बार फंस गया तो उसके लिए कंपनी से बाहर निकलना चुनौती से कम नहीं है। ऐसा ही एक मामला सामने आया, जिसमें मीडियाकर्मियों के सहयोग से दो युवक थाना तक पहुंचने में कामयाब हो गए। उन्होंने पुलिस के सामने अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न सिर्फ दोनों युवक को कंपनी के चंगुल से बाहर निकाला, बल्कि उनकी जमा राशि वापस दिलाते हुए गृहग्राम के लिए रवाना किया। यह पूरा वाक्या सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र की है। दरअसल मीडियाकर्मियों को दो युवक ने वाट्सअप कालिंग कर सूचना दी कि वे पड़ोसी जिले के रहने वाले हैं। उन्हें खरमोरा क्षेत्र में संचालित जीपीआई कंपनी के कैंप से निकलने नहीं दिया जा रहा, जबकि वे काम छोड़कर जाना चाहते हैं। उन्होंने किसी तरह लुक छिपकर कॉल करने की बात कही। उन्होंने कंपनी के कैंप का लाइव लोकेशन भेज दिया, जिसकी मदद से मीडियाकर्मी खरमोरा-दादर मार्ग में एक स्थान पर पहुंचे। इसकी जानकारी होने पर नजरें बचाकर दोनों युवक बाहर आ गए। वे मीडियाकर्मियों की मदद से सिविल लाइन थाना पहुंचने में कामयाब हो गए। थाना प्रभारी सुमन पोया को पूछताछ के दौरान युवकों ने अपना नाम बिलासपुर जिले के कोटा इमलीपारा निवासी टारजन कुमार टांडे (18) व रितिक पात्रे (18) बताया। उन्होंने जानकारी दी कि गांव का रहने वाला रवि नामक उनके खास दोस्त ने कोरबा में जीपीआई नामक कंपनी संचालित होने की जानकारी दी। उसे कंपनी में बेहतर काम व अच्छी पगार मिलने की बात कही थी। उसकी बातों में आकर वे दोनों भी खरमोरा स्थित कंपनी के कैंप पहुंचे, जहां कंपनी के मैनेजर इंटरव्यूह लिया। उसके सवालों को जवाब नहीं दे सके, इसके बाद भी चयन से थोड़ा संदेह हुआ, लेकिन वे समझ नहीं सके।

वाशिंग मशीन में करप्टेड जाते हैं, उधर से निष्कलंक होकर निकलते हैं : ज्योत्सना

जब जरूरत थी तब कहां थीं सरोज पाण्डेय, जनता का 12 करोड़ कहां छिपा कर रखा था...?

कोरबा (विश्व परिवार)। कोरबा लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपने सघन जनसंपर्क व दौरे की कड़ी में वार्डों में पहुंचकर कांग्रेस की सरकार कोरबा व केन्द्र में बनाने का आह्वान किया। सांसद ने नगर पालिक निगम के वार्ड 4 देवांगनपारा, एमपी नगर सहित दीपका आदि क्षेत्रों में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। सांसद ने भाजपा प्रत्याशी द्वारा लगातार किए जा रहे व्यक्तिगत हमले पर कहा कि यहां जो आई हैं वो पहले कहां थीं, उनका अता है न पता। पहले वे अपना पता बताएं। मुझे कोसने के अलावा और कर क्या रहीं हैं, कोरोना के समय ये कहां थी जब जनता को जरूरत थी। अभी आकर 12 करोड़ रुपए दे दिया तो बताये ये रुपए इतने दिनों तक क्यों और कहां किसके लिए छिपा कर रखी थीं। मुझ पर

भ्रष्टाचार का आरोप लगातीं है लेकिन जो भ्रष्टों की सरकार बनाकर रखें है, एक तरफ वाशिंग मशीन में करप्टेड जाते हैं और उधर से निष्कलंक होकर निकलते हैं। उन्होंने कितना भ्रष्टाचार किया है ये जनता जानती है और मुझ पर आरोप साबित करके दिखाएं। सांसद ने कहा कि जो इंसान एक महिला की इज्जत नहीं करता वह देश की महिलाओं की क्या इज्जत करेगा, इसलिए महिलाओं को अपने सम्मान की रक्षा के लिए कांग्रेस को चुनना है। कांग्रेस की सरकार में 20 करोड़ जनता गरीब थी और इन्होंने 10 साल में 80 करोड़ गरीब बना दिए तो विकास कहां है। ऐसी 10 साल की सरकार को अब बदलना है। उन्होंने कहा कि अत्याचार और तानाशाही खत्म करने के लिए कांग्रेस को चुनना है वरना 400 पार का नारा बताता है कि इनकी नीयत खराब हो चुकी है और लोकतंत्र व संविधान खतरे में है। सांसद ने कांग्रेस के 5 न्याय और 25 गारंटी के तहत दिए जाने वाले लाभ की जानकारी उपस्थित लोगों को दी और कांग्रेस को कोरबा से लेकर दिल्ली तक आशीर्वाद देने का आग्रह किया। सांसद ने दीपका में ब्लाक कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन भी किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, ब्लाक अध्यक्ष संतोष राठौर, उषा तिवारी, तनवीर अहमद, गोपाल ऋषिकर भारती, घासीराम अनंत, सहित स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण भी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

मतदान दलों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ

रायगढ़ (विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन-2024 रायगढ़ संसदीय क्षेत्र 02 के मतदान हेतु मतदान दलों का प्रथम जिला स्तरीय प्रशिक्षण चार स्थलों पर शुरू हुआ। प्रथम चरण का प्रशिक्षण 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक होगा, जिसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 को जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान की पूरी प्रक्रिया से प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन को बंद चालू करने से लेकर विभिन्न प्रपत्र भरने और प्रपत्रों को विभिन्न कलर के लिफाफे में सील करने संबंधित पूरी जानकारी दी गई। इस दौरान मतदान दलों को मतदान के दौरान बरते जाने वाली सावधानियां, मशीनों की सुरक्षा, मतदान समय-सीमा एवं विभिन्न प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रशिक्षण स्थल किरोड़ीमल पॉलिटेक्निक रायगढ़, विधानसभा क्षेत्र रायगढ़ के लिए सेंट्रल स्कूल रायगढ़, धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए कार्मेल स्कूल रायगढ़ तथा खरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल रायगढ़ को चयनित किया गया है। प्रत्येक प्रशिक्षण स्थल पर 10-10 कमरों में 40-40 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक नियत कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। निर्वाचन ड्यूटी पर नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु फॉर्म 12 क भी पात्र मतदाताओं से भराया जा रहा है, जिससे सभी पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी ड्यूटी वाले मतदान केन्द्र पर मतदान कर सकेंगे।

पीएम की आपत्तिजनक तस्वीर बनाकर किया पोस्ट

बिलासपुर (विश्व परिवार)। बिलासपुर में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की तस्वीरों को एडिट कर भगवान का रूप देकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। इसमें महिला की आपत्तिजनक फोटो भी है। भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यसमिति के सदस्य धनंजय गोस्वामी ने अपनी शिकायत में बताया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर सूर्या कश्यप नाम के युवक की आइडी से यह आपत्तिजनक पोस्ट की गई है।

चौपाटी सेंटर पुराना बस स्टैंड में मतदाता जागरूकता को लेकर चलाया गया अभियान

सूरजपुर (विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले के विभिन्न स्थानों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। जिले के पात्र नागरिक शत प्रतिशत मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, इसके लिए लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुराना बस स्टैंड के चौपाटी सेंटर में मतदाता जागरूकता के संदेश वाले पोस्टर ठेले, गुमटियों व दुकानों में लगाये गये। इन पोस्टरों को चौपाटी में स्थित चाट, चाउमीन, दोसा एवं इडली, भेल, बर्गर व लिट्टी चोखा और चाय सेंटर में लगाए गए ताकि मतदाता जागरूकता संदेशों को पढ़ कर ग्राहक अपने मताधिकार का प्रयोग शत प्रतिशत करें। इन पोस्टरों में ''मतदान एक ऐसी ताकत है जिसमें हम अपने देश को बदल सकते है।'', ''युवा हो तुम देश की शान, जागो उठो करो मतदान।'', ''आपकी समझदारी काम आएगा, देश को खुशहाल बनाएगी।'', ''छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान।''

प्रेक्षक से आमनागरिक निर्वाचन संबंधी कर सकते हैं शिकायत

कोरबा (विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 कोरबा लोकसभा अंतर्गत जिले के सभी चारों विधानसभा (रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरबा) हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा (आईएएस)से आमनागरिक सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस कक्ष क्रमांक-1 में मुलाकात कर सकते हैं। इसी तरह उनके मोबाइल नम्बर 7647045883 में सम्पर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है। इसी तरह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के दो विधानसभा (भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़), जिला कोरिया के 01 विधानसभा (बैकुण्ठपुर) एवं जिला गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही के 01 विधानसभा (मरवाही) हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री कैलाश सुखदेव पगारे (आईएएस) को नियुक्त किया गया है।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर गुरूवार 25 अप्रैल 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय

पृथ्वी दिवस का बढ़ता महत्त्व.....

भारत में 2030 तक 500 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इसे हम प्राप्त कर सकेंगे। किंतु बड़े ऊर्जा पार्क बनाकर स्थानीय संसाधनों पर कुछ जगहों पर ज्यादा दबाव पड़ जाता है, जिससे रोजी-रोटी के संसाधन छिन जाते हैं 1962 में राचेल कार्सन ने 'साइलेंट स्प्रिंग' नामक पुस्तक लिखी जिसमें पर्यावरण को कीटनाशकों द्वारा हो रहे नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। कीटनाशकों की कुछ मात्रा अनाजों में आ जाती है और खाद्य श्रृंखला में दाखिल हो जाती है जिसका दुष्प्रभाव मानव जाति के अतिरिक्त अन्य पशु-पक्षियों पर भी पड़ जाता है जिसके कारण कई पक्षी प्रजातियां लुप्त हो रही थीं जिनके बिना वसंत का सौंदर्य ही समाप्त हो रहा है। पुस्तक इतनी प्रसिद्ध हुई कि बेस्ट सेलर बन गई। इससे अमरीका में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी। 1969 में जब दक्षिणी कैलिफोर्निया के तट पर खनिज तेल दुर्घटनावश गिर गया तो सेनेटर गेलोर्ड नेल्सन ने उस क्षेत्र का दौरा करके समुद्री जीवों की तबाही देखी, जो समुद्र के पानी पर तेल के फैलने के कारण हुई थी। नेल्सन ने इस मुद्दे पर जागरूकता फैलाने के लिए 'टीच इन' कार्यक्रम कॉलेजों में आयोजित किए। डेनिस हेस और अन्य आंदोलनकारियों के साथ मिल कर इस जागरूकता अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर फैलाने का निश्चय किया गया, जिसकी शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को राष्ट्रव्यापी स्तर पर की गई और इस दिन को पृथ्वी दिवस का नाम दिया गया। यानी पृथ्वी के स्वास्थ्य की चिंता करने का दिन। इस कार्यक्रम को भारी जनसमर्थन मिला। इससे बने दबाव के चलते ही अमरीका में 'शुद्ध वायु कानून' और 'शुद्ध जल कानून' पारित हुए। इसे वर्तमान पर्यावरण आंदोलनों की शुरुआत भी माना जाता है। धीरे-धीरे पृथ्वी दिवस को वैश्विक स्तर पर मनाया जाने लगा। इस समय तक 192 देशों में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, ताकि पृथ्वी के पर्यावरण को हो रही हानियों के प्रति जागरूकता फैले और हमारे रहन-सहन, उत्पादन पद्धतियां और कायदे कानून पर्यावरण मित्र विकास की दिशा में मुड़ें। सन् 2000 से पृथ्वी दिवस को जलवायु परिवर्तन की दिशा में लक्षित किया गया है। जलवायु परिवर्तन वर्तमान में पर्यावरण की मुख्य समस्या बनती जा रही है। इसकी ओर ध्यान देना जरूरी हो गया है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय वस्तु 'पृथ्वी ग्रह बनाम प्लास्टिक' रखा गया है। प्लास्टिक मिट्टी, पानी और वायु का प्रदूषक बनता जा रहा है। जमीन पर पड़े हुए प्लास्टिक से धूप के कारण अपर्दन से टूट कर सूक्ष्म कण मिट्टी में मिल जाते हैं और मिट्टी के उपजाऊपन को नष्ट करने का काम करते हैं। पानी में मिल कर मछलियों के शरीर में पहुंच कर खाद्य श्रृंखला का भाग बन कर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन जाते हैं। जलाए जाने पर वायु में अनेक विषैली गैसें वायुमंडल में छोड़ते हैं जिससे वैश्विक तापमान वृद्धि के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं। प्लास्टिक दैनिक जीवन का ऐसा भाग बन गया है कि इससे बचना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, पुनर्चक्रीकरण, और जो बच जाए उसको उत्तम धुआं रहित प्रज्वलन तकनीक से ताप विद्युत बनाने में प्रयोग किया जा सकता है। हालांकि इससे भी थोड़ा गैस उत्सर्जन तो होता है, किन्तु जिस तरह शहरी कचरा डंपिंग स्थलों में लगातार लगने वाली आग और गांव में खुले में जलाया जा रहा प्लास्टिक धुआं फैलता जा रहा है, उससे तो यह हजार गुणा बेहतर है। स्वीडन ने तो यूरोप के अनेक देशों से सूखा कचरा आयात करके उससे बिजली बनाने का व्यवसाय ही बना लिया है। उसके पास जो तकनीक है उसमें केवल दशमलव दो (.2) प्रतिशत ही गैस उत्सर्जन होता है। प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पैकिंग सामग्री तैयार करना नवाचार की दूसरी चुनौती है। गांव में भी अब तो प्लास्टिक कचरे के अंबार लगते जा रहे हैं। आधुनिक दैनिक प्रयोग की तमाम वस्तुएं प्लास्टिक में ही पैक होकर आ रही हैं। प्लास्टिक के पुन:चक्रीकरण के लिए यह जरूरी है कि प्लास्टिक और अन्य सूखा कचरा अलग अलग इकट्ठा किया जाए और कबाड़ी को दिया जाए। जो बच जाए उसे निबटाने के दूसरे सुरक्षित तकनीकी उपायों की सरकारें व्यवस्था करें। एक विचार यह भी जोर पकड़ रहा है कि जो पैदा करे, वही कचरे के प्रबंधन का जिम्मेदार ठहराया जाए, ताकि ये पैकिंग करके सामान बेचने वाली कंपनियां पैकिंग सामग्री एकत्रित करवा कर वापस लें और रीसाइक्लिंग की व्यवस्था करें। किन्तु केवल प्लास्टिक ही जलवायु परिवर्तन का कारक नहीं है। रासायनिक कृषि के कारण भी भूमि की जैविक पदार्थ धारण करने की क्षमता समाप्त हो जाती है, जिससे कार्बन पदार्थ का भूमि में संचय नहीं होता। दूसरा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी कम हो जाती है। जैविक कृषि को प्रोत्साहित करके और वैज्ञानिक आधार पर विकसित करके इस समस्या से निपटा जा सकता है। भारत में इस दिशा में कुछ काम होना शुरू भी हुआ है, किन्तु इसे अभी तक मुख्य धारा बनाने में सफलता नहीं मिली है, जिसके लिए अधिक वैज्ञानिक शोध की जरूरत है ताकि रासायनिक विधि के बराबर ही उत्पादन करके दिखाया जाए और अन्न सुरक्षा की चुनौती पर कोई खतरा आने की चिंता न रहे। जलवायु परिवर्तन में मुख्य भूमिका ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र की है। हमारे देश में कुल विद्युत उत्पादन 428 गीगावाट है, जिसमें से 71 फीसदी कोयले और जीवाश्म ईंधन से हो रहा है। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन 168.96 गीगावाट है, जिसमें से 42 गीगावाट जल विद्युत का उत्पादन है। किन्तु जल विद्युत भी जब बड़े बांधों के माध्यम से बनाई जाती है तो जलाशयों में बाढ़ से संचित जैव पदार्थ आक्सीजन रहित सडन् द्वारा मीथेन गैस का उत्सर्जन करते हैं। मीथेन कार्बन डाईआक्साइड से छह गुणा ज्यादा वैश्विक तापमान वृद्धि का कारक है। इसलिए एक सीमा से ज्यादा जल विद्युत का प्रसार भी ठीक नहीं। सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही है। भारतवर्ष में पिछले कुछ सालों में सौर ऊर्जा उत्पादन में अच्छा काम हुआ है। भारतवर्ष में 2030 तक 500 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। आशा है इसे हम प्राप्त कर सकेंगे। किन्तु बड़े ऊर्जा पार्क बना कर स्थानीय संसाधनों पर कुछ जगहों पर ज्यादा दबाव पड़ जाता है, जिससे कई समुदायों की रोजी-रोटी के संसाधन छिन जाते हैं। इसके विरुद्ध कई आवाजें उठती रहती हैं।

संकटों से घिरती दुनिया

ईरान-इजराइल युद्ध को लेकर पूरी दुनिया एक बार फिर संकटों से घिरती नजर आ रही है। ईरान ने इजराइल पर अपने ड्रोन और मिसाइलों से प्रतीक्षित पहला प्रत्यक्ष हमला कर दिया है। इजराइल सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी के अनुसार 'ईरान ने 300 से अधिक आत्मघाती ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइलों तथा क्रूज मिसाइलों द्वारा हमला कर दिया है। वास्तव में यह संकटपूर्ण स्थिति है।' इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव में युद्ध की घातक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपनी कैबिनेट की बैठक बुलाई और कहा, 'हमारी रक्षात्मक प्रणाली जहां तैयार, तैनात और तत्पर है वहीं अब हम रक्षात्मक तथा आक्रमणात्मक, दोनों तरह से किसी भी स्थिति के लिए भी पूरी तरह से तैयार हैं।' वास्तव में यह तनाव और तनातनी उस समय चरम पर जा पहुंची जब इजराइल के 1 अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हवाई हमले से ईरान के एक वरिष्ठ जनरल सहित सेना के सात अधिकारी मारे गए। उसी दिन इजराइल को दंडित करने की घोषणा, ईरान द्वारा सार्वजनिक रूप से कर दी गई थी। आखिरकार, आशंका हकीकत में बदल गई और ईरान ने इजराइल पर ड्रोन और मिसाइलों से बौछार शुरू कर दी और कहा कि इजराइल ने हमले की जो पहल की थी, उसी का यह जवाब है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के आधार पर यदि संयुक्त राष्ट्र के किसी सदस्य के विरु द्ध सशस्त्र हमला होता है, तो वर्तमान चार्टर में कुछ भी व्यक्तिगत या सामूहिक आत्मरक्षा के अन्तर्निहित अधिकार को खराब नहीं करेगा, जब तक कि सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय नहीं करती। ईरान ने इसका ध्यान रखते हुए 13 दिन बाद आखिरकार, इजराइल की कार्रवाई का बदला लिया। इस बहुउद्देशीय हमले का प्रमुख लक्ष्य इजराइल के एअर डिफेंस सिस्टम को कमजोर करना रहा। ईरान ने इस हमले को 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस' नाम दिया और कहा कि यह इजराइल के अपराधों की सजा है। इस घटना से सतर्क इजराइल ने अपने आयरन ड्रोन एयर डिफेंस सिस्टम भी एक्टिव किए जो अधिकांश हमलों को नाकाम करने में सफल रहे। ईरानी मिसाइलों ने नेगेव रेगिस्तान में इजराइली एयरबेस को भी तबाह कर दिया। तेहरान की खबर के अनुसार यहीं से इजराइल ने दमिश्क में हमला करके ईरानी दूतावास पर मिसाइलें दागी थीं।

विचार

स्वार्थ की जंग में राष्ट्रीयता की शहादत

डा. रवीन्द्र अरजरिया

देश में चुनावी जंग जारी है। सभी राजनैतिक पार्टियां अपनी निर्धारित नीतियों-रीतियों के अलावा तात्कालिक हथकण्डे आजमाने में लगीं हैं। बंगाल का चुनावी इतिहास आतंक के साये में हमेशा से ही फलता-फूलता रहा है। कभी लाल सलाम का रंग चढता रहा तो कभी दीदी की दादागिरी चलती रही। घुसपैठियों की दम पर सत्ता हथियाने की मुहिम चलाने वाली तृणमूल मुखिया पर तो देश की सरकारी एजेन्सियों तक पर आक्रमण करवाने के आरोप लगते रहे हैं। पूर्व घोषित दंगों का व्यवहारिक स्वरूप सामने आने के बाद से तो वहां के आम निवासियों में भय व्याप्त होने लगा है। पुलिस के सामने ही अपराधों का कीर्तिमान गढने का जो सिलसिला प्रारम्भ हुआ, वह निरंतर जारी है। तुष्टीकरण के हथियार से देश को रक्तरंजित करने का षडयंत्र करने वाली पार्टियां कभी देश के टुकडे-टुकडे गैंग को चुनावी जंग में जहरीली सोच के साथ उतारतीं हैं तो कभी आतंक के पर्याय रहने वालों को गले लगाते हैं। सिध्दान्तों की होली जलाकर स्वार्थ सिध्दि का परिणाम पाने वालों की संख्या में निरंतर बढोत्तरी होती जा रही है। हिन्दूवादी छवि के साथ बाला साहब ठाकरे ने शिवसेना का गठन किया था। उनके शरीर त्यागते ही पार्टी हथियाने का संग्राम शुरू हो गया। विरोधी नीतियों के पक्षधरों के साथ मिलकर सत्ता-सिंहासन लेने का क्रम चल निकला। मुसलमानों को संरक्षण देने के नाम पर बनाई गई आल इण्डिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने अनेक अवसरों पर विरोधियों को गले लगाकर अपने सिध्दान्तों को कफन पहना दिया। दलितों की मसीहा बनने वाली बहुजन समाज पार्टी की नीतियों ने आधारभूत सिध्दान्तों को तिलांजलि देकर अपने विरोधियों के साथ मिलकर अनेक बार सरकार बनाई। जनता दल यूनाइटेड ने तो अपने आदर्शों को स्वार्थ की देहलीज पर किस्तों में कत्ल करके अनेक बार सत्ता पर काबिज हुई। स्वार्थपूर्ति में बाधा पडते ही असंतुष्टों व्दारा तो पुराने संगठन से दूरी बनाकर स्वयं के दल की घोषणा तक की जाती रही है। शासक बनने के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार लोगों ने देश की अतीतकालीन संवेदनाओं, भावनाओं और चिन्तन को अनन्त गहराई में दफन कर दिया है। इस सारे क्रिया कलापों का स्पष्ट प्रतिबिम्ब राजनैतिक दलों के घोषणा पत्रों, न्याय पत्रों, संकल्प पत्रों आदि में परिलक्षित हो रहा है। अनेक दलों के संयुक्त गठबंधनों की अपनी कोई सांझी कार्ययोजना सामने नहीं आई है। गठबंधनों के सभी दल अपनी अगल-अलग सोच को लेकर सत्ता में पहुचने के बाद व्यवहार में लाने वाली कार्ययोजना का ढांचा प्रस्तुत कर रहे हैं। ऐसे में गठबंधनों का स्वयं का अस्तित्व ही खतरे में दिखाई पड रहा है। मुट्ठी भर सीटों पर चुनाव लडने वाले दल भी राष्ट्रीय नीतियों के निर्धारण करने में जुटे हैं। कहीं साम्प्रदायिक खाई को चौडा करने की होड लगी है तो कहीं जातिगत जनगणना के आधार पर शक्ति संघर्ष का आधार तैयार किया जा रहा है। कहीं अलग-अलग विशेषाधिकारों की वकालत हो रही है कहीं स्वतंत्रता के विकृत मायने परोसे जा रहे हैं। स्वार्थ की जंग में राष्ट्रीयता की शहादत लेने वालों को देश का सम्मान, विकास और सौहार्द की कतई चिन्ता नहीं है। वे नेत्रवान होने के बाद भी धृतराष्ट्र बनने पर तुले हैं, मीरजाफर बनकर सुख बटोरना चाहते हैं और करना चाहते हैं किसी भी कीमत पर स्वार्थपूर्ति। ऐसे लोगों को राष्ट्रवादी तो क्या राष्ट्र का नागरिक तक कहना, शर्म की बात है। जिस देश के नागरिक अपनी धरती से उगने वाले अन्न और बहने वाले पानी पर जीवन यापन करने के बाद भी उसके टुकडे-टुकडे करने का मंसूबा पाल रहे हों वहां पर शान्ति, सुख और समृध्दि की बयार कभी भी जीवनदायिनी वायु नहीं बन सकती। अतीत में कोलकता के रास्ते से गोरों ने विनाश का दूत बनकर प्रवेश किया तो वहीं से सुभाषचन्द्र बोस जैसे स्वाधीनता संग्राम के पुरोधा ने भी स्वाधीनता का शंखनाद किया था। मगर गोरों की चालों ने राष्ट्रनायक सुभाष को गुमनामी के अंधेरे में ढकेलकर अपने चमचों को देश का महान नेता बना दिया था। आजाद हिन्द फौज के रणबांकुरों से भयभीत होकर देश छोडने पर मजबूर हुए गोरों ने जाते-जाते मजहब के नाम पर देश को टुकडों में विभाजित कर दिया था किन्तु आज अनेक राजनैतिक दल हमारे भारत के पुन: टुकडे करने पर तुले हैं। विभाजनकारी, विध्वंशकारी और विनाशकारी सोच को संरक्षण देने वालों को मुंह तोड जबाब दिये बिना राष्ट्र को विकास के रास्ते पर ले जाना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। ऐसे में व्यक्तिगत हितों को त्यागकर राष्ट्र हित के आधार पर ही मतदान करना आवश्यक नहीं बल्कि नितांत आवश्यक है, तभी देश बच सकेगा।

लोकसभा चुनाव...चोरी फिर भी सीनाजोरी

चुनाव के दिनों में लोकतांत्रिक हथियार के रूप में आरोप प्रत्यारोप का खेल खूब देखा जाता रहा है, मगर फाइनेंसियल टूल को चुनाव लड़ने का हथियार बना लेना यह 2024 के लोकसभा चुनाव को सबसे अलग बना रहा है। इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट का विपक्षी दलों को नोटिस भेजना भले एक रूटीन काम हो सकता है, मगर इसकी टाइमिंग विपक्ष को सत्तारूढ़ दल पर हमला करने का मौका जरूर दे रही है। वैसे देखा जाए तो पहले भी सत्तासीन पार्टियों द्वारा ऐसी संस्थाओं के उपयोग की कहानी न्यायालयों द्वारा भी दुरुपयोग के विशेषण से नवाज़ी गई है परन्तु अबकी यह मामला प्रभाव क्षेत्र के हिसाब से बहुत आगे निकल गया है। इन्कम टैक्स का नोटिस सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के लिए अस्तित्व का संकट लेकर आया है। शनिवार को ज़ारी किये गए डिमांड नोटिस के बाद कांग्रेस पर आयकर विभाग का कुल लगभग 3,567 करोड़ रूपये बकाया बैठता है। ताजा डिमांड नोटिस 1745 करोड़ रूपये का है जो वित्त वर्ष 2014- 2015, 2015-2016 और 2016- 2017 का है। हालांकि इसकी आशंका कांग्रेस शुक्रवार की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में जाहिर कर चुकी थी कि उसे अभी और परेशान किया जाएगा। इसके पहले जो कांग्रेस को नोटिस मिला था वह 1823 करोड़ रूपये का था। यह बकाया पांच अलग-अलग वित्तीय वर्षों के लिए था और इसमें मूल और ब्याज दोनों राशियां शामिल है। दिलचस्प बात यह भी है कि इस नोटिस में वित्तीय वर्ष 1994-1995 में कांग्रेस पार्टी द्वारा वित्तीय गड़बड़ी और टैक्स की हेरा फेरी का वित्तीय दंड भी शामिल है। आयकर विभाग के ये नोटिस कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह बनकर इसलिए खड़े हो गए हैं क्योंकि पार्टी ने 2023- 2024 के आयकर रिटर्न में पार्टी की कुल संपत्ति ही 1430 करोड़ रूपये बतायी थी। इसमें 657 करोड़ रूपये का फंड, 340 करोड़ की चल अचल संपत्ति और लगभग 388 करोड़ का लिक्विड कैश बताया है। इसका सीधा अर्थ यह है कि पार्टी अपनी कुल संपत्ति बेचकर भी आयकर विभाग का फाइन नहीं भर सकती। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस पार्टी दिवालिया घोषित हो जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो यह भारतीय राजनीति की एक ऐसा घटना होगी जो अगर सकारात्मक प्रभाव को लेकर आगे बढ़ी तो कभी भी कोई पोलिटिकल पार्टी इन्कम टैक्स के नियमों को सुविधानुसार उपयोग में लाने की भूल से बचेगी। लेकिन अगर इसी को नकारात्मक रूप से इस्तेमाल किया जाने लगा तो बदले की भावना से ग्रसित होकर स्वयं सत्ता में आने पर पूर्वकालिक सत्तारूढ़ पार्टियों के ऊपर भी ऐसी ही कार्यवाही करेगी। राहुल गांधी प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की धमकी दे चुके हैं। अब सवाल यह उठता है कि कांग्रेस और समस्त इंडिया गठबंधन आयकर विभाग के नोटिस को जिस तरह से गलत बता रहा है वो नोटिस सही हैं या गलत शनिवार को जारी 1745 करोड़ रूपये के नोटिस के अलावा दूसरा मामला 1700 करोड़ के नोटिस का है। मामला 2017 से 2021 के बीच कांग्रेस को कैश के रूप में मिले चंदे और अन्य कैश अनियमितताओं से जुड़ा है। इसमें लगभग 526 करोड़ रूपये शामिल हैं, जिसका स्पष्ट हिसाब-किताब कांग्रेस के पास नहीं है। दरअसल 2019 में आयकर विभाग के कई छापों के दौरान यह बात खुल कर सामने आई थी कि दो कंपनियां मेधा इंजीनियरिंग और कमलनाथ के करीबी की एक कम्पनी ने कैश में कांग्रेस को ये पैसे दिए हैं। आयकर विभाग को इन कंपनियों द्वारा कांग्रेस को ट्रांजेक्शन की रसीद मिली है। सूत्रों के अनुसार 20 करोड़ के एक पेमेंट का ब्यौरा आयकर विभाग के पास ऐसा भी है जिसमें कमलनाथ के जरिये पैसा सीधे कांग्रेस ऑफिस को गया है। आयकर विभाग दावा कर रहा है कि ये सारे पैसे रिश्वत के हैं जिसे मध्य प्रदेश में मंत्रियों और अफसरों को दिया गया था और जो घूम फिर कर कांग्रेस पार्टी को फंड के रूप में मिला है। यह आयकर कानून के सेक्शन 13(ं) का उल्लंघन है जिसके अनुसार 2,000 रूपये से ज्यादा कैश पेमेंट कोई पार्टी नहीं ले सकती। इसी तरह तीसरा मामला 135 करोड़ का है। यह 2018- 2019 के बीच का है। इस दौरान कांग्रेस ने साढ़े 14 लाख रुपये का दान नकद में लिया और टैक्स रिटर्न भी 33 दिन की देरी से फाइल किया था। इसका परिणाम यह हुआ कि उस वित्त वर्ष में कांग्रेस की कुल आय को ही टैक्स रिबेट के दायरे से बाहर कर दिया गया जो 135 करोड़ था। राजनीतिक दलों को इनकम टैक्स में छूट आयकर कानून की धारा 13(1) के तहत क्लेम करनी पड़ती है। कांग्रेस पर इसी प्रावधान के उल्लंघन का आरोप है। चूंकि पार्टी ने इस वित्त वर्ष के दौरान 33 दिन की देरी से टैक्स रिटर्न फाइल किया तो आयकर विभाग ने कांग्रेस की कुल 199 करोड़ की आय पर टैक्स के छूट के दावे को खारिज कर दिया। हालांकि 2021 में विभाग ने 105 करोड़ की अनियमितता के एवज में नियमानुसार 20 फीसदी यानी 21 करोड़ चुकाने को कहा था जिसके बाद केस की सुनवाई तक स्टे लग जाता। पर कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। परिणामस्वरूप 16 मार्च को आयकर विभाग ने कांग्रेस के बैंक खातों से 135 करोड़ रुपये की वसूली कर ली। इसमें से 103 करोड़ के करीब का जुर्माना था और बाकी के 21 करोड़ इस जुर्माने पर लगे ब्याज की रकम थी। अमाउंट लियन है अर्थात बैंक अकॉउंट में फाइन वाली अमाउंट पर रोक लगा दी गई है, बाकी पैसों को पार्टी खर्च कर सकती है। यहीं कांग्रेस झूठ का भ्रम फैला रही है कि उसके बैंक अकॉउंट फ्रीज कर दिये गये हैं। मगर वास्तव में ऐसा है नहीं। अब इनके अकॉउंट में सिर्फ फाइन जितने पैसे थे तो क्या ही किया जा सकता है और अब तो कुल फाइन जितने पैसे भी कांग्रेस के एकाउण्ट में नहीं बचे हैं। चौथा मामला 1994-95 की आय और उससे जुड़े हिसाब-किताब की गड़बड़ी से है। इस केस में आयकर विभाग ने पार्टी पर 53 करोड़ का जुर्माना लगाया है। यहां भी आयकर कानून की धारा 13 के सेक्शन ए के उल्लंघन की बात की जा रही है। कांग्रेस पार्टी के अलावा तृणमूल कांग्रेस को भी आयकर विभाग का नोटिस मिला है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बढने का परिदृश्य

डा. जयंतीलाल भंडारी

यह अभूतपूर्व खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था नए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुआयामी उपयोगिता देते हुए दिखाई देगी। हम उम्मीद करें कि लोकसभा चुनाव के बाद गठित होने वाली नई सरकार कृषि एवं ग्रामीण विकास के साथ-साथ कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढने से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढने से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी। गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीददारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना

तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि, रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहां एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभान्वित हो रहे हैं। जहां कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुट्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमरीका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुट्ठियों में आए हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूंकि देश में मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, अतएव इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढने के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढकर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढकर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन अनाज का प्रसंस्करण, चार मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के यह भी उल्लेखनीय हैं कि इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभान्वित हो रहा है।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
5

मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट द्वारा स्वच्छता अभियान के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

भिलाई (विश्व परिवार)। मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट भारतवर्ष के द्वारा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर हुडको (भिलाई) में स्वच्छता का कार्यक्रम किया गया। मंदिर की सफाई की गई और आसपास के लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया, हमारे आसपास के क्षेत्र को साफ रखना हमारा कर्तव्य है और स्वच्छता के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कार्य करना चाहिए, जैसे हम सब कार्य करते हैं वैसे आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखने से हम बीमार नहीं पड़ेंगे।

ट्रस्ट के द्वारा इस कार्य में भिलाई प्रभारी रूपेंद्र गुप्ता, मातृशक्ति प्रभारी अंशु गुप्ता, हेमंत गुप्ता, प्रतिमा गुप्ता, सहित ट्रस्ट के समस्त

आचार्य श्री आर्जवसागर जी महाराज के दर्शनार्थ पधारे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

पूर्व सीएम ने किया सिद्धांत भूषण पदवी से सम्मानित एवं प्रभावना कृति का विमोचन

विदिशा (विश्व परिवार)। विदिशा नगर में दिनांक 21 अप्रैल 2024 को आयोजितभगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती के शुभ पावन अवसर पर एवं आचार्य श्री आर्जवसागर जी महाराज के 37 वें मुनिदीक्षा दिवस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान जी सपत्नीक पधारे एवं पधारकर आचार्य श्री आर्जवसागर जी महाराज का मंगल आशीर्वाद ग्रहण किया। एवं उन्होंने अपना उद्बोधन भी दिया।तदोपरांत पूर्व सीएम सहित भाव विज्ञान पत्रिका के संपादकों द्वारा आचार्य श्री रचित अनोखी कृति 'प्रभावना' का विमोचन भी किया गया। एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बहिन बहिन ऋषिका जैन को सिद्धांत भूषण पदवी से सम्मानित भी किया गया।

सिद्धांत भूषण पदवी सम्मान समारोह कार्यक्रम-भाव विज्ञान परीक्षा बोर्ड भोपाल द्वारा आयोजित सिद्धांत भूषण पदवी कोर्स में प्रथम स्थान इंजी. बहिन ऋषिका जैन (BE, MA, PHD संलग्न) दमोह, द्वितीय स्थान श्रीमती ऋजुता 2/o सजल जैन दमोह एवं तृतीय स्थान सी. पद्मावती कांचीपुरम तमिलनाडु नें प्राप्त किया।

अहिंसा परमोधर्म को अपनाओ भगवान महावीर का सिद्धांत जिओ और जीने दो के सूत्र को जीवन में लाओ।भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर परआयोजित धर्मसभा को सम्बोधित करते हुये आचार्य श्री आर्जवसागर जी महाराज नें कहा कि विश्व को दिशा वोध देने वाली विदिशा नगरी में आज भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महा महोत्सव मनाया जा रहा है। यह आप सभी का सौभाग्य है।उन्होंने कहा कि राजाओं की परपाटी में सम्राट चंद्रगुप्त मोर्य जैसे शासक हुये जिनके शासनकाल में ताले तक नहीं लगते थे।उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री; जिन्होंने कुंडलपुर बड़े बाबा को सम्मान पूर्वक स्थापित कराया और आचार्य गुरूदेव श्री विद्यासागरजी महाराज के भक्त बने रहे, एवं वर्षों तक अच्छा शासनकाल चलाया।

आचार्य श्री ने गुरु को याद करके दीक्षा महोत्सव की बात को करते हुये कहा कि आज से 36 वर्ष पूर्व आज ही के दिन मुनि श्री प्रमाण सागर जी आदि आठ मुनिराजों के साथ सोनागिर जी में मेरी मुनि दीक्षा आचार्य गुरूदेव विद्यासागर जी महाराज के करकमलों से हुई थी। उन्हीं से हम ब्रहम्चारी से लेकर छुल्लक, ऐलक बने एवं मुनि दीक्षा भी ली।मुनि दीक्षा लेकर एक वर्ष का मौन ब्रत लेकर साधना भी की थी।उन्होंने आचार्य श्री की महान कृपा का वर्णन करते हुये अनुग्रहित भाव रखे एवं गुरु शिष्य की परंपरा को आगे बनाये रखा गुरूदेव के सभी शिष्य एक से एक बड़े गुणी शिष्य है, सोलावानी के सोने के समान हैं।भगवान महावीर की परंपरा आगे चलती रहे उन्होंने शिवराज सिंह और उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह को आशीर्वाद देते हुये कहा कि धर्म से आप लोग जुड़े है और हमेशा जुड़े रहें। इस अवसर पर जैन समाज के संरक्षक एवं समाजिक कार्यों में समर्पित रहे वयोवृद्ध हृदयमोहन जैन का भी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने सम्मान किया।

श्री महावीरजी की रथयात्रा में उमड़ा जन सैलाब, दिखी साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल, जयकारों के बीच हुए श्री जी के अभिषेक

श्री महावीरजी (विश्व परिवार)। करौली जिले में स्थित दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के वार्षिक मेले के तहत बुधवार को भगवान महावीर की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में श्रद्धालु रथयात्रा में शामिल हुए। आस - पास के गांवों सहित देश के कोने - कोने से आए हजारों श्रद्धालु प्रभु की रथयात्रा के इस पावन अवसर में शामिल होकर खुद को धन्य समझ रहे थे। रथयात्रा में शामिल होने के लिए ग्रामीणजन मंगलवार रात ही श्री महावीरजी एवं मंदिर परिसर में आ डटे थे। समूहों में ये ग्रामीणजन रातभर लोकगीतों पर नृत्य कर प्रभु की रथयात्रा के उस अद्वितीय क्षण का इंतजार कर रहे थे। रथयात्रा के शुभारम्भ होने के लगभग दो घंटे पूर्व ही छतों एवं बरामदों में लोगों का जमा होना प्रारंभ हो गया। मुख्य मन्दिर से महावीर भगवान की प्रतिमा का अभिषेक करने के बाद केसरिया वस्त्र पहने, रजत मुकुट लगाये एवं इन्द्रों का रूप धारण किए श्रद्धालुओं ने प्रतिमा को मंदिरजी से पालकी में लाकर बाहर पाण्डाल में स्वर्णिम आभा से सुसज्जित विशाल रथ में विराजमान किया।

इससे पहले प्रबंधकारिणी कमेटी द्वारा मूलनायक भगवान महावीर स्वामी की मूर्ति निकालने वाले चर्मकार वंशज के प्रतिनिधि का सम्मान किया गया। इसके बाद आचार्य श्री विमल सागरजी, उपाध्याय ऊर्जयन्त सागर, जी, मुनि श्री चिन्मयानन्द सागर जी महाराज के सानिध्य में जयकारों के बीच रथयात्रा का शुभारम्भ हुआ। सबसे आगे निशान का घोड़ा उसके बाद बैण्ड था, जो केसरिया बाना पहनकर स्वर लहरियां बिखेर रहा था। बैण्ड के पीछे 21 केसरिया ध्वज रथयात्रा को विशिष्ट स्वरूप दे रहे थे। वही विभिन्न संस्थाओं के 1000 से अधिक सदस्यगण जयकारे लगाते हुये भक्तिमय माहौल बना रहे थे। उसके पीछे धर्मचक्र और फिर जैन मूल संघ आमनाय भट्टारकजी की पालकी को उठाये श्रद्धालु चल रहे थे। पालकी के पीछे विशालकाय ऐरावत हाथी ग्रामीणों का मन मोह रहा था। ऐरावत पर क्षेत्र कमेटी के संयुक्त मंत्री उमराव मल संघी के साथ समाजश्रेष्ठी विराजमान थे। घोडो वाले नवीन रथ पर जिनवाणी को लेकर इन्द्र कुमार तथा सारथी के रूप संतोष जैन एवं कमेटी उपाध्यक्ष एस के जैन, रथ पर सुधीर कासलीवाल, अनिल दीवान एवं रुपिन काला चंवर ढुला रहे थे।

बैलों वाले मुख्य रथ पर भगवान महावीर की प्रतिमा विराजमान थी। उपजिला कलेक्टर, हिण्डौन हेमराज गुर्जर व प्रबन्धकारिणी कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल सारथी के रूप में बैठे थे। वही रथ पर कमेटी के मानद् मंत्री सुभाष चन्द जैन, कोषाध्यक्ष विवेक काला, सदस्य न्यायाधिपति नरेन्द्र कुमार जैन चॅवर ढुला रहे थे। रथयात्रा के साथ प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य नरेश कुमार सेठी, जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन सहित मेले के प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा, रमेश तिजारिया, राज कुमार कोठयारी, सुरेन्द्र पाण्डया, अशोक जैन नेता, महेश काला, भानू छाबडा, प्रदीप जैन, मनीष बैद, योगेश टोडरका, भारतभूषण जैन, राजेश बड़जात्या, राकेश छाबड़ा, राजेन्द्र बिलाला, हीरा चन्द बैद, चन्द्रेश जैन, संजय छाबडा, महेश जैन, सुभाष बज, अशोक गंगवाल क्षेत्र के मैनेजर नेमीकुमार पाटनी सहित कई गणमान्य श्रेष्टीजन, जयपुर से आये दिगम्बर जैन सोशल ग्रुपों के दम्पति सदस्य व पूरे देश से आये हजारो श्रद्धालुगण भगवान महावीर के जयकारे लगाते चल रहे थे। -**विनोद जैन**

गणिनी गुरु मां स्वस्ति भूषण माताजी के कर कमलो से संलेखनारत शांति देवी बाकलीवाल की हुई दीक्षा

छुल्लिका 105 श्री उपशममति माता जी के नाम से जानी जाएगी

कोटा (विश्व परिवार)। स्वस्ति शब्द का अर्थ बहुत ही व्यापक है और बहुत ही सार्थकता सिद्ध करता है स्वस्ति का अर्थ होता है मंगलकारी। और ऐसा ही कोटा की धरा पर हो रहा है भारत गौरव स्वस्तिधाम प्रणेत्री परम् विदुषी लेखिका गणिनी आर्यिका 105 श्री स्वस्तिभूषण माताजी के कर कमलो से दीक्षा संपन्न हुई।

यह पावन पुनीत दीक्षा श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन त्रिकाल चौबीसी मन्दिर आर.के पुरम में हुई। निश्चित रूप से पूज्य गुरु मां जब कई वर्षों पूर्व जब कोटा आई थी तब भी कीर्तिमान लिखा गया और नया इतिहास बना जो युगों युगों तक जीवंत रहेगा। निश्चित रूप से आज का यह क्षण अविस्मरणीय कहा जाएगा

एक विवरण- कोटा नगर की श्रीमती शांतिदेवी बाकलीवाल विगत कई दिनों से जो सल्लेखनारत थी। आज 24 अप्रैल 2024 को गुरु मां ने छुल्लिका दीक्षा प्रदान कर उनके जीवन को धन्य किया। पूज्य गुरु मां ने दीक्षा के संस्कार करते हुए उन्हे छुल्लिका 105 श्री उपशममति माताजी का नामकरण किया अब वह इसी नाम से जानी जाएगी।

धन्य हुआ बाकलीवाल परिवार, निश्चित रूप से बाकलीवाल परिवार के मनोज-संगीता (पुत्र-पुत्रवधु) प्रतीक (पौत्र), मुस्कान (पौत्री) एवं समस्त बाकलीवाल परिवार, आर. के पुरम कोटा। सभी अपने आप को धन्य एवं गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

-**अभिषेक जैन लुहाड़िया**

भगवान महावीर जयंती पर जैन समाज द्वारा पांच दिवसीय कार्यक्रम का किया गया आयोजन

नयापारा राजिम (विश्व परिवार)। नगर में भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए गए शोभायात्रा निकाली गई प्रथम दिवस महावीर पाठशाला के बच्चों के द्वारा विराथन रैली का भव्य आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वर्ग के लोगों ने भाग लेकर अपनी सहभागिता दी. तत्पश्चात ट्रेजर हंट का आयोजन विद्याश्री बालिका मंडल द्वारा किया गया.नारे लिखो प्रतियोगिता ज्ञान ज्योति बहू मंडल के द्वारा आयोजित की गई द्वितीय दिवस प्रभात फेरी नगर भ्रमण में करने के पश्चात जैन भवन में समापन पर स्वल्पाहार का आयोजन मनोज जैन परिवार के द्वारा किया गया रात्रि में विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए गए समाधि स्थल पर नवयुवक मण्डल द्वारा भक्ति संध्या का आयोजन रखा गया.21 तारीख को प्रात: 7:00 बजे रथ यात्रा का आयोजन हुआ जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोग पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्र में और महिलाएं पीले वस्त्र में भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए विभिन्न झांकियां बनाई गई इसमें आचार्य विद्यासागर महाराज के पर विद्या रथ का बहुत सुंदर चित्रण किया गया सुरितजैन के द्वारा किया गया जुलूस का समापन महावीर चौक में हुआ जहां पर सकल जैन समाज के अध्यक्ष शिखर बाफना व कार्यकारी अध्यक्ष किशोर सिंघई के द्वारा जैन ध्वज वंदन कर ध्वजा रोहन किया गया नवयुवक मंडल के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन नगर वासियों के लिए किया गया मनोहर बहू मंडल के द्वारा डॉक्टर आनंद सक्सेना रायपुर के मार्गदर्शन एवं सहयोग से विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया नेत्र शिविर के अवसर पर डॉक्टर आनंद सक्सेना की टीम ने नेत्र परीक्षण कर चश्मे का वितरण भी किया विधायक इंद्र कुमार साहू में शिविर में पहुंचकर मनोहर बहू मंडल एवं जैन समाज को इस कार्यक्रम के लिए बहुत-बहुत साधुवाद दिया एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर सहयोग का आश्वासन दिया तत्पश्चात दोपहर 3:00 बजे विशाल भव्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया नगर भ्रमण के पश्चात रैली महावीर चौक पहुंची . उगम कोठारी ने सभी के सवल्पहार की व्यवस्था की रात्रि में 8:00 बजे से दिगंबर जैन समाज द्वारा नसिया जी में भक्ति संगीत का आयोजन किया नांदगांव से पधारी टीना जैन एंड पार्टी ने बहुत ही रोचक प्रस्तुति दी विभिन्न कार्यक्रमों के साथ पांच दिवसी महावीर जयंती महोत्सव संपन्न हुआ अध्यक्ष किशोर सिंघई एवं शेखर बाफना ने समाज के सभी लोगों का सहयोग करने पर आभार व्यक्त किया सभी कार्यक्रमों में सचिव अखिलेश नहर एवं अभिषेक दुग्गड़ ने माहिती भूमिका निभाई। -**किशोर जैन**

आर्यिकारत्न आदिमति माताजी का सांतवा समाधि दिवस मनाया, शांतिनाथ मण्डल विधान की पूजा अर्चना कर अनुष्ठान किया

निवाई (विश्व परिवार)। सकल दिगम्बर जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा श्री दिगम्बर जैन नसियां मंदिर मे आर्यिकारत्न आदिमति माताजी के सांतवा समाधि दिवस पर संगीतमय शांतिनाथ मण्डल विधान आयोजित किया गया जिसमें विधानाचार्य सुरेश शास्त्री एवं अशोक भाणजा के मंत्रोच्चार द्वारा शांतिनाथ मण्डल विधान की रचना की। विधान से पूर्व श्रद्धालुओं को भगवान शांतिनाथ का अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान गाजेबाजे के साथ शांतिनाथ मण्डल विधान का शुभारंभ किया गया।

जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि विधान के सोधर्म इन्द्र द्वारा मण्डप पर पांच मंगल कलशों की स्थापना की गई। इस दौरान विधान मे विनय पाठ नवदेवता पूजा शांतिनाथ भगवान एवं आर्यिका आदिमति माताजी की पूजा अर्चना के साथ शांतिनाथ मण्डल विधान की विशेष पूजा अर्चना की गई। विधान मे गायक विमल जौंला अजीत काला गायिका सीमा सेदरिया एवं गायक विमल सोगानी के द्वारा भजनो की प्रस्तुतियां दी गई जिसमें इन्द्र इन्द्राणियो सहित कई श्रद्धालुओं ने बाबा शांतिनाथ के दरबार में जमकर भक्ति नृत्य किए। जौंला ने बताया कि विधान मे सोधर्म इन्द्र एंव समाज द्वारा चार वलय मे 130 श्री फल अर्ध्य समर्पित किये। विधान के अन्तर्गत मेड़ता सिटी ग्रुप के द्वारा प्रश्न मंच प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आर्यिका श्रुतमति व सुबोध मति माताजी ने धर्म सभा को संबोधित किया। समाजसेवी हितेश छाबड़ा ने बताया कि विधान के अन्त मे गाजेबाजे के साथ भगवान शांतिनाथ भगवान की आरती उतारी गई। इससे पहले रात मे संगीतमय णमोकार महामंत्र एंव भजन संध्या आयोजित की गई। मंगलाचरण सीमा सेदरिया ने किया। इस अवसर पर महावीर पसाद पराणा राजेन्द सेदरिया सुनील चेनपुरा प्रकाश जैन धर्म चंद सेदरिया महेन्द्र चवंरिया त्रिलोक रजवास विनोद जैन शंभु कठमाणा पदमचंद जैन विजय जैन नेमीचंद सिरस विवेक जैन संजय चंवरिया सहित अनेक लौग मौजूद थे।

-**अभिषेक जैन लुहाड़िया**

भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा महासभा म.प्र. का महावीर जन्मकल्याणक पर भव्य कार्यक्रम

इंदौर (विश्व परिवार)। श्रमण संस्कृति के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2623 वे जन्मकल्याणक के अवसर पर परंपरागत स्वर्ण रथ के साथ कांच मंदिर से निकलने वाली भगवान महावीर स्वामी की ऐतिहासिक शोभा यात्रा बड़े ही धूमधाम ओर उल्लास के साथ आचार्य श्री पुष्पदंत सागर जी एवम मुनि श्री पूज्यसागर जी के सानिध्य में कांच मंदिर से राजवाड़ा होते हुए पुन: काच मंदिर पहुंची।

यात्रा मार्ग में इंदौर के हृदय स्थल राजबाडा पर दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद युवा प्रकोष्ठ एवं दिगंबर जैन भारतवर्षीय युवा महासभा के संयुक्त तत्वाधान में भव्य मंच लगाकर परंपरागत जुलूस का ऐतिहासिक स्वागत किया गया।

आयोजन के प्रमुख दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महावीर जैन एवं भारतवर्षीय दिग जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तेज कुमार वेद व एवं भारतवर्षीय युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चिंतन जैन ने विस्तार पूर्वक बताया कि जुलूस में जैन समाज के हजारों धर्मानुरागी परिवार भगवान महावीर के ऐतिहासिक जुलूस में शामिल हुए लगभग 123 मंदिरों की झांकियां व अलग-अलग मंडल भगवान महावीर की भक्ति में झूमते गाते नजर आए सभी ने भगवान महावीर के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया अहिंसा परमो धर्म, जियो और जीने दो, त्रिशलानदन वीर की जय बोलो महावीर की के नारो से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। अलग माहौल बनाया जिसे सभी ने बेहद पसंद किया मंच से समाज के लगभग सभी श्रेष्टीजनो का सम्मान किया गया विशेष रूप से नरेंद्र वेद, नकुल पाटोदी, पिंकेश टोंग्या, राकेश विनायका, सुभाष सांमरिया, पार्षद राजीव जैन, टीनू जैन, अखिलेश शाह, भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी शंकर जी लालवानी, विजय बड़जात्या, हॅसमुख गांधी, लाभचंद काला, सुशील काला, संजय डोसी, राजेश जैन के साथ- साथ सैकड़ो विभूतियों का सम्मान किया गया इस अवसर पर विशेष रूप से राहुल झाँझरी, रोमिल काला, मोहित जैन, विशाल काला, गजेंद्र जैन, गौतम काला,

बहार जैन, हनी जैन, मनीष जैन, ऋषभ अजमेरा, रोमिल जैन, अर्पित जैन, पारस जैन, दिलीप अजमेरा, अनिल जैन, सावन जैन, मनीष पाटनी, दर्पण रावका, पंकज जैन, अभय जैन, राजेश जैन, वैभव जैन, अभिषेक जैन, विशेष रूप से उपस्थित थे।

महिला सृष्टिजनों का सम्मान मंजू वेद, ऋचु जैन, साक्षी झांझरी, खुशबू जैन, शशि टोंग्या, दर्शना जैन, रिया जैन, इना जैन, रूबी जैन, शिखा जैन, शुभी जैन, उर्वशी जैन, सुविधा जैन, दीसी जैन, पूजा जैन ने किया मंच का संचालन महावीर जैन, साक्षी झाँझरी ने किया आभार चिंतन जैन ने माना।

जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान : डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर

स्पर्श संस्था द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व से नागरिकों को अवगत कराया

रायपुर (विश्व परिवार)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में प्रदेश में शत् प्रतिशत मतदान करने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्पर्श सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान रायपुर द्वारा विभिन्न बस्तियों गुढ़ियारी, संतोषी नगर, कुशालपुर एवं चांगोराभाठा के बस्तियों में प्रचार प्रसार किया गया। इस अवसर पर स्पर्श सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान रायपुर के अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि यह एक सुनहरा अवसर है इस लोकसभा चुनाव में घरों से निकलकर वोट करें लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है। डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने नए और युवा वोटर्स से खास अपील करते हुए कहा की वोट अवश्य कीजिए लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है प्रदेश में शत् प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूह के बहनों, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों तथा विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत स्थानीय निवासियों को मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कला जत्था के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस अवसर पर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदाता जागरूकता संबंधित गतिविधियों से अवगत कराते हुए लोकतंत्र के महापर्व के संबंध में जानकारी दी एवं लोकतंत्र के महापर्व में सभी नागरिकों को शामिल होने का आह्वान किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व से अवगत कराया गया। नागरिकों को देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने, मतदाताओं को भय मुक्त एवं बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। नागरिकों को मतदान के महत्व के संबंध में समझाया गया लोकतंत्र में संसद की भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई सभी नागरिकों को अपने परिवार रिश्तेदार एवं पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने नागरिकों को बताया कि लोकतंत्र में मजबूती का आधार सिर्फ मतदान होता है। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को शपथ दिलाया गया सभी नागरिकों से मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार और कर्तव्यों का पालन करने की अपील की गई। जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान। मेरा वोट मेरी पहचान शत् प्रतिशत करना है मतदान, जैसे नारों से मताधिकार का उपयोग करने संकल्प लिया गया।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर गुरूवार 25 अप्रैल 2024

भाजपा का हर कार्यकर्ता हनुमान जी से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कर रहा काम : भावना

विधायक बोहरा ने कार्यकर्ताओं संग किया हनुमान चालीसा पाठ, भाजपा की जीत के लिए जनता से माँगा आशीर्वाद

कवर्धा(विश्व परिवार)। हनुमान जन्मोत्सव पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी और कार्यकर्ताओं के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर भाजपा की जीत की कामना कर जनता से समर्थन व आशीर्वाद माँगा। उड़ियाखुर्द, कारेसरा, हथलेवा, गोछिया, बगदई, ढोरली, दरिगंवा, पटपर, ढोढमा नवापारा, बीजा बैरागी, मजगाँव और झाड़ूटोला में जनसंपर्क कर क्षेत्रवासियों को नरेंद्र मोदी की योजनाओं और विष्णु देव सरकार के कार्यों के बारे में जानकारी देकर 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस अवसर

पर ढोढमा नवापारा में भावना बोहरा ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया और सभी को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ-साथ ग्रामवासियों ने भी हनुमान चालीसा का पाठ किया और तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पवनपुत्र का समर्पण भाव समस्त रामभक्तों के लिए सदैव प्रेरणाशक्ति बना रहेगा। उनकी कृपा से भारत के प्रधानमंत्री विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा के साथ आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहें हैं।

संक्षिप्त समाचार

कलेक्टर चौहान के नेतृत्व में निकाली गई टार्च रैली

बलौदाबाजार(विश्व परिवार)। लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला मुख्यालय में टार्च रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 2 किलोमीटर मार्ग को कलेक्टर के एल चौहान के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारी के साथ बरसते पानी के बीच पैदल चलकर पूरा किया गया। इस रैली में नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार से संबधित महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी महिला, दिव्यांग महिला, छात्र,छात्राएं,शिक्षक,आमजन, खिलाड़ी,प्रबुद्ध नागरिक,सहित अधिकारी कर्मचारी, मिडिया प्रतिनिधी बड़ी संख्या में शिरकत किए। इसके साथ ही रैली अंबेडकर पहुंचने पर कलेक्टर चौहान ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। कलेक्टर ने कहा किऐसे तो गर्मी का मौसम है फिर भी यदि ऐसे 7 मई को यदि बरसात भी हो तो भी हमें मतदान करना है। इसी संदेश को लेकर आज हमने टार्च रैली निकाली है। उन्होंने महिला, युवाओं और पुरुषों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचने और लोकतंत्र के इस महापर्व में भागादारी करने की अपील की है। उक्त टॉर्च रैली जिला मुख्यालय में गार्डन चौक,से प्रारंभ होकर,बस स्टैंड, दशहरा मैदान होते हुए अंबेडकर चौक में समाप्त हुआ। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, तहसीलदार राजू पटेल,जनपद पंचायत सीईओ मंडावी, सीएमओ भोई,अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारी गण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय कार्यशाला की गई आयोजित

धमतरी(विश्व परिवार)। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग और रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्थानीय स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल बठेना में आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षकों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, भावनाओं की अभिव्यक्ति, तथा किशोरों में होने वाली मानसिक समस्याओं एवं उनके उपाय के बारे में विभिन्न खेल गतिविधियों के जरिए समझाया गया। इस अवसर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्री तेजपाल ध्रुव, सुश्री कल्पना ध्रुव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जांगड़े, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मंडल, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रिया कंवर, एनसीडी कंसलटेंट श्रीकांत चंद्राकर, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ रचना पदमवार, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट प्रीति चांडक सहित योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

मतदान केन्द्र में छांव के लिए टेंट के साथ इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं : कलेक्टर चौहान

बलौदाबाजार(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान दिवस में मतदान केन्द्रों में व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर चौहान ने कहा कि मतदान केन्द्रों में पेयजल, छांव, रैम्प, प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में विशेष तौर पर व्यवस्था करने की जरूरत है, इसके लिए प्रयास करें। मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं। मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारी पहले से ही मानिटरिंग करें और सभी तैयारी रखें। कलेक्टर ने कहा कि शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसके लिए उनके लिए अलग से ग्रीन कॉरिडोर बनाएं। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में रैम्प होना चाहिए तथा व्हील चेयर की व्यवस्था होनी चाहिए। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों की मदद के लिए एनसीसी, स्काउट गाईड,एनआरएलएम की महिलाएं मतदान केन्द्र में उपस्थित रहें। कलेक्टर ने मतदान दलों के लिए वाहन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा मतदान केन्द्र पहुंच मार्ग के संबंध में सभी को अवगत होने के लिए कहा। स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाइयों का किट भी उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने मतदान दलों के भोजन के संबंध में व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मतदान दलों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कहा। जिन ग्रामों में दिव्यांगजन है, वहां दिव्यांग रथ होना चाहिए तथा ई-रिक्शा की व्यवस्था होनी चाहिए।

साप्ताहिक समय सीमा की बैठक संपन्न

शांतिपूर्ण स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न करने के लिए कलेक्टर ने माना आभार

जनहित से सरोकार रखने वाले निर्माण कार्यों को समय अवधि में करें पूर्णः- कलेक्टर

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट के संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन-2024 में शांतिपूर्ण ढंग से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया संपन्न करने के लिए संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई सहित आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चूंकि अभी भी आदर्श आचार संहिता जारी है, अतः कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय ना त्यागे। इसके अलावा इस अवधि में जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में विभागीय एजेंडा के कार्यों की प्रगति के बारे में जानना चाहा और चल रहे कार्यों को त्वरित गति से प्रगति लाने की बात भी कहीं। बैठक में कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत चल रहे, निर्माण कार्यों एवं पीएमजीएसवाय के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए पूर्व में संचालित कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली और कहा कि जो भी निर्माण कार्य पूर्व में संचालित किए गए थे। उसमें प्रगति लाकर द्रुत गति से कार्यों को पूर्ण करें। इसके अलावा उन्होंने आवास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से हितग्राहियों से संपर्क कर आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाएं। इसके अलावा बैठक में जन शिकायत, जन दर्शन, संपर्क तथा अन्य प्रकार की शिकायत संबंधी पोर्टल दर्ज प्रकरणों के त्वरित निराकरण कर फाइलों को तत्काल विलोपित करने के संबंध में भी निर्देश दिए गये। इस दौरान कलेक्टर ने नगर पालिका परिषद बचेली के शौचालय संबंधी शिकायत को गंभीरता से लेकर नगर पालिका सीएमओ को जल्द से जल्द अच्छे गुणवत्ता युक्त शौचालय निर्माण के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पीएचई तथा नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत अप्रैल एवं मई में हितग्राहियों को पेयजल संबंधी कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम श्री जयंत नाहटा सहित सभी विभागीय प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित थे।

जनपद कार्यालय से बस स्टैंड तक रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक

नगर के दुकानों में जाकर मतदाता संकल्प बैंड बांधकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए किया गया प्रेरित

गरियाबंद(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 26 अप्रैल को जिले में मतदान होगा। लोगो में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लिए कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज नगर पालिका परिषद गरियाबंद में मतदाता जागरूकता के तहत मतदाता रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव ने लोगों को मतदाता संकल्प भी दिलाया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों, स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय से बस स्टैंड होते हुए सब्जी मार्केट, मस्जिद चौक से वापस तिरंगा चौक होकर बस स्टैंड तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर के दुकानों में जाकर लोगों को मतदाता संकल्प हैंड बैंड पहनाकर 26 अप्रैल को अवश्य मतदान करने की अपील की गई। साथ ही अपने आस पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान दिवस में अपने मतदान केंद्र जाकर मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों द्वारा अपने हाथों में लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है।

राजस्व मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रचार के संबंध में की चर्चा

दल्लीराजहरा(विश्व परिवार)। नगर में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में खेल एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रचार संबंधी रणनीति पर चर्चा की और उनसे कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग के समर्थन में चुनाव प्रचार की गति को तेज कर पूरी ऊर्जा से जुट जाने का आह्वान किया । उन्होंने कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया कि वे जनता को हमारी जनहितकारी योजनाओं की जानकारियाँ देकर उनसे भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एकजुट होकर कमल का बटन दबाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध करें। इस अवसर पर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी भोजराज नाग, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, विधानसभा प्रभारी राजेश ताम्रकार, विधानसभा संयोजक राजेश दसोड़े, अनीता कुमेटी, सुदेश सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शीतल नायक, मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, महामंत्री महेंद्र सिंह, मदन मायती, रमेश गुर्जर ,सुरेश जायसवाल, किरण सिन्हा ,धर्मेंद्र गाडियोक, संतोष देवांगन ,बॉबी छतवाल, कुमारी रावटे, प्रमिला पारकर, ममता नेताम ,पुरोबी वर्मा ,नंदा पसीने, श्याम जायसवाल, एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दूसरे जिले में काम करने गए जिले के मजदूरों को घर आकर मतदान करने परिजनों ने की अपील

एलईडी स्क्रीन, सिनेमाघर और पेम्पलेट के जरिये में किया जा रहा जागरूक

धमतरी(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा कांकेर लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा सिहावा के लिए आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने नित नये कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत नगरी ब्लॉक के ऐसे श्रमिक, जो दूसरे जिले में कार्य कर रहे हैं, उन्हे उनके परिजन फोन के माध्यम से सूचित कर रहे है कि 26 अप्रैल को मतदान है, और इस मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने जरूर आयें। इसी तरह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव और पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा जिलेवासियों से 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। मतदान की अपील करते हुए वीडियो का प्रदर्शन धमतरी शहर के घड़ी चैक स्थित एलईडी में किया जा रहा है। वहीं जिले में सिनेमाघरों में भी फिल्म प्रारंभ होने के पूर्व मतदाता जागरूकता गतिविधियों की लघुफिल्म दिखाकर मतदान की अपील लगातार की जा रही है। गौरतलब है कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिले में आयोजित विभिन्न त्यौहारों मे स्वीप रंगोली सजायी गई, वहीं कलश यात्रा के दौरान मतदाता जागरूकता संबंधी नारा लगाकर लोगों को मतदान करने प्रेरित किया गया। इसी तरह मनरेगा और राईस मिल सहित विभिन्न मिलों में कार्य करने वाले मजदूर अपने-अपने कार्यस्थल पर मतदान करने की शपथ ले रहे हैं, तो स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने दीवार लेखन, रैली, पोषण संबंधी फ्लप, सब्जियों से स्वीप सलाद सजाकर, विभिन्न सामाजिक सम्मेलनों में समाज प्रमुखों द्वारा मतदान की शपथ दिलाकर जिलेवासियों को मतदान करने प्रोत्साहित किया जा रहा है।

शंकराचार्य भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत युवा सम्मेलन

मतदान सबसे महत्वपूर्ण अधिकार, मतदाता इसकी ताकत को पहचानें - कलेक्टर

महासमुंद(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक गत दिवस जिला मुख्यालय स्थित शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में मतदाता जागरूकता युवा सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर श्री मलिक ने विद्यार्थियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बनाए गए रंगोली, पेंटिंग का अवलोकन किया तथा सराहना की। कार्यक्रम में महासमुंद विकासखंड के कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका पर अपने-अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक

अधिकार है, इससे हमारा और देश का भविष्य निर्धारित होता है। हमें सशक्त और मजबूत लोकतंत्र के लिए सोच समझकर योग्य अभ्यर्थी को मतदान करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी युवा मतदाता दृढ़ संकल्पित होकर शतप्रतिशत मतदान कर जिले का लक्ष्य को हासिल करने में अपना योगदान दें। कलेक्टर ने कहा कि आकड़ों से पता चलता है की ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम होता है। महासमुंद नगरीय क्षेत्र का मतदान प्रतिशत को कम देखते हुए नगरीय क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर ज्यादा फोकस किया गया है। श्री मलिक ने कहा कि लोकतंत्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। खासकर स्कूल की पढ़ाई पूरी कर कॉलेज पहुंचने वाले विद्यार्थी स्वयं जागरूक बनकर अनिवार्य रूप से मतदान करें और अपने आसपास दूसरों को भी प्रेरित कर जागरूक मतदाता बनने योगदान दें। लोकतंत्र में मतदान का महत्व समझना और दूसरों को समझाना एक महत्वपूर्ण विषय है। कलेक्टर श्री मलिक ने बीएलओ, स्वच्छता दीदीयों को अपने अपने क्षेत्र में जाकर अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा। इस दौरान सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई।साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को अपने आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी एस. आलोक, प्राचार्य डॉ. अनुसूइया अग्रवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री टॉमसन रात्रे, स्वीप के सहायक नोडल श्री रेखराज शर्मा सहित जिला अधिकारी और कर्मचारी और छात्र छात्राएं मौजूद थे। भाषण, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुक्ता साहू, द्वितीय रवीना एवं दुर्गा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर गुरूवार 25 अप्रैल 2024

व्यापार समाचार

विनिर्माण क्षेत्र में 40 फीसदी तक पहुंच सकती है महिला प्रशिक्षुओं की भागीदारी, 70 प्रतिशत ग्रामीण

नई दिल्ली(एजेंसी)। विनिर्माण क्षेत्र में महिला प्रशिक्षुओं की मांग में तेज वृद्धि हुई है। कारखाने अब लैंगिक समानता को अपना रहे हैं। इस साल के अंत तक उम्मीद है कि विनिर्माण क्षेत्र में महिला प्रशिक्षुओं की संख्या 40 फीसदी तक पहुंच सकती है। टीमलीज के अनुसार, 8 से 10 महीने में 10 वीं व 12वीं कक्षा पास करने वाली महिला प्रशिक्षु को नियुक्त करने की मांग में पांच गुना वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, महिला प्रशिक्षुओं की मांग में वृद्धि वाहन, ई-वाहन, इलेक्ट्रॉनिक तथा फोन विनिर्माण क्षेत्रों में तेजी के कारण आई है। इससे महिला प्रशिक्षुओं के प्रतिनिधित्व में अच्छी खासी वृद्धि का अनुमान है। विनिर्माण क्षेत्र में प्रशिक्षु के रूप में करीब 70 प्रतिशत महिलाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों से हैं। यह कौशल विकास तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिये इन क्षेत्रों में महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण अवसर का संकेत देता है। रिपोर्ट के अनुसार, पहले हर महीने 1,000-2,000 महिला प्रशिक्षुओं की मांग थी।?यह बढ़कर अब 10,000 से 12,000 प्रति महीने पहुंच गई ?है। ?वहीं, इनकी भर्तियां भी 10-15 फीसदी से बढ़कर 40-45 फीसदी पहुंच गई ?है।

जनवरी-मार्च तिमाही में जियो को 5,337 करोड़ रुपये का मुनाफा

मुंबई(एजेंसी)। रिलायंस जिओ इंफोकॉम का शुद्ध मुनाफा इस साल जनवरी-मार्च की तिमाही में 5,337 करोड़ रुपये रहा। यह पिछले साल अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही की तुलना में 2.5 प्रतिशत ज्यादा है। रिलायंस जियो ने वित्तीय परिणाम जारी करते हुए बताया कि सब्सक्राइबरों की संख्या बढ़ने से उसका मुनाफा बढ़ा है। तिमाही के दौरान कंपनी का राजस्व दो प्रतिशत बढ़कर 25,959 करोड़ रुपये पर और कर पूर्व लाभ 2.5 प्रतिशत बढ़कर 13,612 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। परिणामों की घोषणा से पहले सोमवार को बीएसई पर कंपनी के शेयर में 0.77 प्रतिशत और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर 0.86 प्रतिशत की तेजी में रहा।

32 हजार करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की नीलामी 26 अप्रैल को

नई दिल्ली(एजेंसी)। वित्त मंत्रालय ने घोषणा की कि 26 अप्रैल (शुक्रवार) को दो श्रेणियों में 32,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की बिक्री की जाएगी। पहले लॉट में 20 हजार करोड़ रुपये की राशि के लिए 7.1 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2034 शामिल है, जबकि दूसरे लॉट में 12 हजार करोड़ रुपये की राशि के लिए 7.46 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2073 शामिल है। दोनों बॉन्डों की नीलामी आरबीआई द्वारा मुंबई में एक से ज्यादा मूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य-आधारित नीलामी के माध्यम से की जाएगी। सरकार के पास प्रत्येक प्रतिभूति के बदले दो हजार करोड़ रुपये तक के अतिरिक्त सब्सक्रिप्शन को बरकरार रखने का विकल्प होगा। सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी में गैर-प्रतिस्पर्धी बोली सुविधा की योजना के अनुसार प्रतिभूतियों की बिक्री की अधिसूचित राशि का पांच प्रतिशत तक पात्र व्यक्तियों और संस्थानों को आवंटित किया जाएगा। नीलामी के लिए प्रतिस्पर्धी और गैर-प्रतिस्पर्धी दोनों बोलियां 26 अप्रैल को भारतीय रिजर्व बैंक कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्रस्तुत की जानी हैं। वित्त मंत्रालय के बयान के अनुसार, गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10.30 बजे से 11.00 बजे के बीच प्रस्तुत की जानी चाहिए और प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10.30 बजे से 11.30 बजे के बीच प्रस्तुत की जानी चाहिए। नीलामी का परिणाम 26 अप्रैल (शुक्रवार) को घोषित किया जाएगा और सफल बोलीदाताओं द्वारा भुगतान 29 अप्रैल (सोमवार) को किया जाएगा।

केटीएम कप सीजन 2 की शुरुआत दिल्ली में नॉर्थ जोन क्वालिफायर से

ग्रैंड फिनाले 24 और 26 मई को कोयंबटूर में कारी मोटर स्पीडवे पर आयोजित होगा

रायपुर। केटीएम कप एस2 में 240 से अधिक प्रतिभागियों के साथ कोयंबटूर में रोमांचक शुरुआत के बाद केटीएम इंडिया ने इस 14 अप्रैल को दिल्ली में एक और सफलता का जश्न मनाया। दुनिया के अग्रणी स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल ब्रांड के रूप में प्रसिद्ध केटीएम ने भारत के मोटरस्पोर्ट परिदृश्य के केंद्र गुड़गांव में भारत की सबसे बड़ी रेसिंग चैंपियनशिप केटीएम कप एस2 सेलेक्शन राउंड पूरा किया। दरअसल, इस चैंपियनशिप का नॉर्थ जोन क्वालिफायर गुड़गांव के कार्टोमेनिया में दो दिनों में आयोजित किए गए थे। सीजन 2 के नॉर्थ जोन क्वालिफायर राउंड में प्रो, एमेच्योर और महिला डिवीजनों में हाई-स्पीड बैटल में बेहतरीन राइडर्स ने तीव्र प्रतिस्पर्धा का नजारा पेश किया, जो केटीएम के 'रेडी टू रेस' दर्शन के अनुरूप था। बजाज ऑटो लिमिटेड के अध्यक्ष (प्रोबाइकिंग) सुमीत नारंग ने इस अवसर पर कहा, 'कोयंबटूर में जबरदस्त सफलता के बाद, हम अपनी उपलब्धियों की फेहरिस्त में एक और उपलब्धि शामिल कर रहे हैं। केटीएम कप के सीजन 2 में प्रतिभागी बेहतरीन प्रतिस्पर्धी एवं उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं। आज की रेस शीर्ष स्तर की थी, और मैं ट्रैक पर उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए हर श्रेणी के सभी क्वालिफाइंग राइडर्स को बधाई देता हूं। आज रेस के प्रति देखा गया उत्साहपूर्ण जुड़ाव भारत में मोटरस्पोर्ट में केटीएम की स्थिति की पुष्टि करता है, जो प्रीमियर रेसिंग के लिए एक मानक स्थापित करता है। यह भारत में मोटरस्पोर्ट्स के एक और रोमांचक सीजन की उत्साहजनक शुरुआत है। हम मुंबई और कोलकाता में दौड़ के अगले चरण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जहां भाग लेने वाले रेसर अवसर का लाभ उठाकर ऑस्ट्रिया में केटीएम के साथ होंगे। नॉर्थ जोन के 50 से अधिक शहरों से 5 से अधिक महिला रेसरों सहित लगभग 120 रेसरों ने गुड़गांव में इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। सीज़न 2 के अगले चयन दौर का आयोजन 26 से 28 अप्रैल तक मुंबई में पश्चिम क्षेत्र क्वालिफायर के लिए और 11 से 12 मई तक कोलकाता में पूर्वी क्षेत्र क्वालिफायर के लिए होगा।

आरसीबी की लगातार छठी हार, रोमांचक मैच में एक रन से जीता केकेआर

कोलकाता(एजेंसी)। आईपीएल के 36वें मैच में यहां केकेआर ने आरसीबी को एक रन से हरा दिया। आरसीबी को जीत के लिए 223 रनों का लक्ष्य मिला था, लेकिन उसकी पूरी टीम 20 ओवर्स में 221 रनों पर सिमट गई। इस जीत के साथ केकेआर अंक तालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने छह विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत खराब रही और 35 रनों के स्कोर तक उसने विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस के विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, इसके बाद विल जैक्स और रजत पाटीदार ने शतकीय साझेदारी करके आरसीबी की पारी संभाली। यहां से आरबीसी की राह थोड़ी आसान लगने लगी। विल जैक्स ने 32 गेंदों में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 55 रन की पारी खेली। वहीं, रजत पाटीदार ने 23 गेंदों में पांच छक्के और तीन चौके की मदद से 52 रन बनाए। लेकिन केकेआर ने इन दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन भेजने के बाद मैच में वापसी की। इसके बाद आरसीबी ने लगातार विकेट गंवाए। हालांकि, कर्ण शर्मा की तूफानी बल्लेबाजी के कारण मैच आखिरी गेंद तक दोनों टीमों के लिए खुला रहा। बेंगलुरु को आखिरी ओवर में 21 रन चाहिए थे। मिचेल स्टार्क के इस ओवर में कर्ण शर्मा ने चार बॉल में तीन छक्के लगाकर मैच को पूरी तरह से रोमांचक मोड़ पर ला खड़ा किया। इस वक्त आरसीबी को जीत के लिए दो गेंद पर तीन रन चाहिए थे। लेकिन, ओवर की पांचवीं गेंद पर वे आउट हो गए। केकआर के खेमे में एक बार फिर उम्मीद जगी। अब आखिरी गेंद पर आरसीबी को जीत के लिए तीन रन और स्कोर बराबर करने के लिए दो रन चाहिये थै। लॉकी फर्ग्यूसन ने कवर्स की दिशा में शॉट खेला। उन्होंने एक रन पूरा किया लेकिन दूसरा रन लेने से पहले रन आउट हो गए। इस तरह आरसीबी ने एक रन से रोमांचक मुकाबला गंवा दिया। केकेआर के लिए रसेल ने तीन, सुनील नारायण और हर्षित राणा ने 2-2 विकेट लिए जबकि मिचेल स्टार्क और वरुण को एक-एक विकेट मिला।

मिचेल मार्श चोट के कारण आईपीएल 2024 से बाहर



नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पुष्टि की है कि ऑस्ट्रेलियाई स्टार मिचेल मार्श आईपीएल 2024 के शेष मैच नहीं खेल पाएंगे। मार्श फिलहाल दाहिनी हैमस्ट्रिंग की समस्या से उबर रहे हैं। इस चोट से उबरने के बाद वह भारत नहीं लौटेंगे और ऑस्ट्रेलिया में ही रहेंगे। मार्श क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मेडिकल स्टाफ़ से परामर्श करने के लिए 12 अप्रैल को पर्थ वापस चले गए थे। आईपीएल में वह वापसी करेंगे या नहीं करेंगे, इस फैसले को लेने में थोड़ी देर हुई, क्योंकि मार्श को ठीक होने लिए पर्याप्त समय दिया जा रहा था। पोंटिंग ने कहा, मुझे नहीं लगता कि वह वापस आएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया चाह रहा था कि मार्श की चोट की रिकवरी ऑस्ट्रेलिया में ही हो। इसी कारण से हमने उन्हें वापस घर भेज दिया था। सीए के मेडिकल स्टाफ कुछ हफ़्तों से उनके रिहैब पर काम कर रहे हैं। मैंने मार्श से हाल ही में बात की थी और ऐसा लगता है कि उस चोट से उबरने में उन्हें अपेक्षा से अधिक समय लग रहा है। हालांकि, मुझे लगता है कि वह टी20 विश्व कप से पहले ठीक हो जाएंगे।

17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने रचा इतिहास, विश्व खिताब जीतने वाले बने सबसे युवा चैलेंजर

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत के 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के साथ एक नया इतिहास रच दिया है। वह विश्वनाथन आनंद के बाद इस टूर्नामेंट को जीतने वाले भारत के जहां दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, तो वहीं दुनिया के सबसे कम उम्र के भी प्लेयर हैं जिन्होंने ये टूर्नामेंट जीता है। अब डी गुकेश का वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के खिलाड़ी डिंग लिरेन से भिड़ंत होगी। गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ अपना अंतिम दौर का मैच ड्रा पर खत्म करने के साथ 14 में से 9 अंक हासिल करने में सफल रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ी को चुनने के लिए किया जाता है। चेन्नई से आने वाले 17 साल के डी गुकेश ने इस टूर्नामेंट को अपने नाम करने के साथ दिग्गज गैरी कास्परोव के 40 साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया, जिन्होंने उस समय वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने के लिए 22 साल की उम्र में क्वालीफाई किया था। डी गुकेश और अमेरिकी खिलाड़ी के बाद मैच 109 चालों तक चला जिसके बाद दोनों ड्रा करने पर अपनी सहमति जताई थी। इस टूर्नामेंट में डी गुकेश के प्रदर्शन को देखा जाए तो उन्होंने 5 मैचों में जहां जीत हासिल की तो उन्हें एक में हार का सामना करना पड़ा जो फ्रांस के खिलाफ अलिरेजा फिरौजा के खिलाफ मिली थी।

रिलायंस इंडस्ट्रीज एक लाख करोड़ रुपये का कर-पूर्व लाभ कमानेवाली पहली भारतीय कंपनी बनी

नई दिल्ली(एजेंसी)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने कंज्यूमर बिजनेस और तेल एवं गैस कारोबार में निरंतर वृद्धि के दम पर 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10 लाख करोड़ रुपये (119.9 अरब डॉलर) का सकल राजस्व दर्ज किया है। आरआईएल ने सोमवार को जारी वित्तीय परिणामों में बताया कि ग्राहकों की संख्या में 4.24 करोड़ की मजबूत वृद्धि के कारण जियो प्लेटफ़ॉर्म का राजस्व साल-दर-साल आधार पर 11.7 प्रतिशत बढ़ गया। रिलायंस रिटेल का राजस्व 17.8 प्रतिशत बढ़ा। सभी उपभोग बास्केट में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। क्षेत्रफल में 1.56 करोड़ वर्ग फुट की बढ़ोतरी हुई जबकि एक अरब से अधिक का रिकॉर्ड फुटफॉल रहा। कच्चे तेल के मानक ब्रेंट क्रूड के दाम में साल-दर-साल आधार पर औसत 13.5 प्रतिशत की गिरावट के कारण उत्पाद की कीमतों में कमी से कंपनी का ऑर्डर टू कैश प्रोसेस राजस्व पांच प्रतिशत घट गया। आरआईएल ने एक बयान में कहा, हालांकि उच्च उत्पादन से इसकी आंशिक भरपाई हुई। केजी डी6 क्षेत्र से कम गैस मूल्य प्राप्ति के बावजूद, मुख्य रूप से केजी डी6 ब्लॉक से अधिक मात्रा के कारण तेल और गैस खंड से राजस्व में 48 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। नतीजों पर टिप्पणी करते हुए, रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा, आरआईएल के व्यवसायों की पहल ने भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यह जानकर खुशी हो रही है कि मजबूत होने के साथ-साथ राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में सभी क्षेत्रों ने मजबूत वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन दर्ज किया है। इससे कंपनी को कई उपलब्धियां हासिल करने में मदद मिली है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस साल, रिलायंस कर-पूर्व मुनाफे में एक लाख करोड़ रुपये की सीमा पार करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई। अंबानी ने कहा कि मोबिलिटी और फिक्स्ड वायरलेस सेवाओं द्वारा समर्थित, ग्राहक आधार के त्वरित विस्तार से डिजिटल सेवा खंड के प्रदर्शन को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा, 10.8 करोड़ से अधिक ट्रू 5जी ग्राहकों के साथ, जियो वास्तव में देश में 5जी परिवर्तन का नेतृत्व करता है।

कोहली के विकेट पर बवालज्अंपायर के फैसले से नाखुश दिखे किंग

कोलकाता(एजेंसी)। केकेआर के खिलाफ आउट होने के बाद अंपायर के फैसले से विराट कोहली नाराज नजर आए। अब इस पर विवाद खड़ा हो गया है और सोशल मीडिया पर भी फैंस अंपायर के फैसले की आलोचना कर रहे हैं। नो बॉल की ऊंचाई मापने के लिए नई हॉक-आई तक़नीक का रविवार को ईडन गार्डंस पर कोलकाता नाइट राइडर्स के ख़िलाफ़ आरसीबी के रन चेज़ में विराट कोहली के लिए इस्तेमाल किया गया। 223 रनों का पीछा करते हुए विराट कोहली 7 गेंद पर 18 रन बनाकर आउट हुए। तीसरे ओवर में हर्षित राणा की एक फुल टॉस गेंद पर उन्होंने हर्षित को ही कैच थमा दिया। यह धीमी गति की गेंद थी, जिसे देखने से लग रहा था कि यह बल्लेबाज़ की ओर गिर रही थी, लेकिन जब कोहली का गेंद से संपर्क हुआ, तो यह उनकी कमर की ऊंचाई से ऊपर थी। कोहली ने तुरंत ही डीआरएस लिया। कोहली का मानना था कि गेंद कमर के ऊपर आई है और इसे नो बॉल करार दिया जाना चाहिए। हालांकि टीवी अंपायर ने हॉक आई सिस्टम का सहारा लिया और उनके अनुसार कोहली क्रीज से आगे बढ़े थे, इसलिए कोहली को आउट दिया गया, लेकिन कोहली तीसरे अंपायर के फैसले से निराश हुए और पवेलियन में भी फैसले की आलोचना करते दिखे।

एसबीआई कार्ड ने ट्रैवेल के शौकीन लोगों के लिए ' एसबीआई कार्ड माइल्स' लॉन्च किया

मुंबई : भारत के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड इश्यूअर एसबीआई कार्ड ने ट्रैवेल पर आधारित अपने पहले ट्रैवेल-फ़ोकस कोर क्रेडिट कार्ड, 'एसबीआई कार्ड माइल्स' के तीन वैरिएंट मुंबई में लॉन्च किए हैं। इस कार्ड का उद्देश्य हर तरह के यात्री के लिए भरपूर यात्रा लाभ मुहैया करवाना है, फिर चाहे वे सफ़र करने की चाह रखने वाले हों, लगातार उड़ान भरने वाले हों या फिर यात्रा करने के शौकीन हों। 'एसबीआई कार्ड माइल्स' आकर्षक फ़ीचर्स का ऑफ़र देता है जिनमें ट्रैवल क्रेडिट को एयर माइल्स और होटल पॉइंट्स में बदलने के साथ-साथ हर ट्रैवेल बुकिंग पर ऐक्सेलरेटेड रिवॉर्ड और एयरपोर्ट लाउंज ऐक्सेस शामिल हैं। यह कार्ड रीडेम्पशन के पूर्ण विकल्प के साथ कार्डहोल्डर्स को सशक्त बनाते हुए एयर विस्तारा, एयर इंडिया, स्पाइसजेट, एयर फ्रांस- केएलएम, एतिहाद एयरवेज़, एयर कनाडा, थाई एयरवेज़, क्रांटास एयरवेज़, आईटीसी होटल, आईएचजी होटल और रिज़ॉर्ट्स सहित 20 से ज़्यादा एयरलाइन और होटल ब्रैंड्स के साथ पार्टनर हैं, जिनमें ऐकॉर भी शामिल है। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन श्री दिनेश कुमार खारा के अनुसार, मज़बूत आर्थिक विकास और मज़बूत खपत परिदृश्य ने दुनिया में भारत की स्थिति में इज़ाफ़ा किया है। यहाँ तक कि ट्रैवेल सेक्टर में, आज भारत को एशिया और यूरोप सहित कई देशों में आउटबाउंड ट्रैवेल के लिए प्रमुख स्रोत बाज़ारों में से एक माना जाता है। मैं 'एसबीआई कार्ड माइल्स' के लॉन्च पर एसबीआई कार्ड को बधाई देता हूँ, जो एक मज़बूत प्रोडक्ट है और जो भारतीय कंज़्यूमर्स के लिए यात्रा के अनुभवों को फिर से परिभाषित करेगा। यह साफ़ है कि भारतीय ज़्यादा से ज़्यादा और अलग-अलग यात्रा/ ट्रैवेल अनुभवों के लिए खुलकर सामने आते जा रहे हैं। इस कार्ड के तीन वैरिएंट्स - 'एसबीआई कार्ड माइल्स एलीट', 'एसबीआई कार्ड माइल्स प्राइम' और 'एसबीआई कार्ड माइल्स' - को क्यूरेट किए गए यात्रा लाभों के ज़रिए कार्डहोल्डर्स के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2024 में पूरे भारत में 2 लाख से अधिक नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं में बारे में जागरूक किया

रायपुर। एचडीएफसी बैंक, ने अपने डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान में पूरे भारत में सुरक्षित बैंकिंग कार्यशालाओं की एक पूरी सीरीज़ का आयोजन किया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं पर 16,600 से अधिक कार्यशालाएं आयोजित की और इनमें 2,00,224 से अधिक नागरिकों को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया गया। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य स्कूल और कॉलेज के छात्रों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वयं सहायता समूहों, ग्राहकों और कर्मचारियों को शिक्षित करना था। इन इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं पर बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई जिससे वे भविष्य में अपने आप को साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने से बचाने में सक्षम होंगे। कार्यशालाओं में वास्तविक और रोजमर्रा के जीवन के उदाहरण, कहानियां और वीडियो शामिल थे, जिससे प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न तरीकों को समझने में मदद मिली और इस तरह की धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के टिप्स भी मिले। एचडीएफसी बैंक पिछले चार वर्षों से देश भर में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित बैंकिंग पहल के तहत साइबर धोखाधड़ी जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है। कार्यशाला में कई प्रासंगिक विषयों को शामिल किया गया।

जो डिजिटल सुरक्षा की बेहतर समझ प्रदान करते हैं:

1. आईएफएडब्ल्यू की पृष्ठभूमि: उपस्थित लोगों को डिजिटल जागरूकता की वकालत करने में इंटरनेशनल फ्रॉड अवेयरनेस वीक के मिशन/भूमिका से परिचित कराया गया।
2. साइबर धोखाधड़ी जागरूकता: विशिंग, फ़िशिंग, स्मिशिंग, रिमोट डिवाइस एक्सेस, सिम स्वैप और यूपीआई धोखाधड़ी जैसे सामान्य साइबर खतरों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। इस तरह की धोखाधड़ी को लेकर समझ को गहरा करने के लिए वास्तविक जीवन के उदाहरणों का उपयोग किया गया।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024

प्रधानमंत्री मोदी ने की एयरपोर्ट पर पदाधिकारियों से चर्चा

रायगढ़-रायपुर (आरएनएस)। अंबिकापुर रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने रायगढ़ एयरपोर्ट पर पार्टी के कुछ पदाधिकारियों से चर्चा की। इसके बाद वे हेलिकॉप्टर से रवाना हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अंबिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं। वे पीजी कॉलेज ग्राउंड में सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। पीएम मोदी कार्यक्रम खत्म होने के बाद वापस रायगढ़ के लिए रवाना हो जाएंगे। आमसभा में करीब एक लाख भीड़ जुटने का अनुमान है।

संक्षिप्त समाचार

आशीष चतुर्वेदी ने पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय, रायपुर का कार्यभार संभाला

रायपुर (विश्व परिवार)। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अग्रणी पंजाब नैशनल बैंक के छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड राज्य के अंचल प्रबंधक का कार्यभार श्री आशीष चतुर्वेदी ने ग्रहण कर लिया है। अंचल कार्यालय, रायपुर परिसर में पहुँचने पर श्री अरुण कुमार राव, उप अंचल प्रबंधक एवं श्री मनोज कुमार राय, मंडल प्रमुख रायपुर तथा समस्त अधिकारीयों द्वारा उनका स्वागत किया गया। श्री आशीष चतुर्वेदी ने 30.09.91 को प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में बैंकिंग सेवा आरम्भ किया था एवं देश के बड़े शहरों में उच्च पदों पर रहकर बैंक को सेवाएं दी है। रायपुर से पूर्व वे महाराष्ट्र में मंडल प्रमुख, नागपुर के रूप में कार्यरत थे। श्री आशीष चतुर्वेदी जी ने रायपुर अंचल के समस्त स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राहकों को उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करना ही हमारा परम कर्तव्य है। एक संतुष्ट ग्राहक ही बैंकिंग व्यवसाय विकास में अहम भूमिका निभाता है।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, प्रथम महिला श्रीमती सुप्रभा हरिचंदन को मतदाता पर्ची का वितरण, किया मतदान करने का आग्रह

रायपुर (विश्व परिवार)। आज राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन, प्रथम महिला श्रीमती सुप्रभा हरिचंदन को रायपुर जिला प्रशासन दारा मतदाता पर्ची का वितरण, राजभवन जाकर किया गया। साथ ही मतदान करने का आग्रह किया गया। मतदाता पर्ची का वितरण अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निधि साहू व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री नंदकुमार चौबे द्वारा किया गया।उल्लेखनीय है कि रायपुर में मतदान आगामी 7 मई को है।

हार की हताशा से आंय-बांय बोल रहे हैं कांग्रेसी : सीएम विष्णुदेव साय

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा- कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में 36 बड़े-बड़े वादे किये, लेकिन पूरा एक भी नहीं किया

रायपुर (विश्व परिवार)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह सहित शीर्ष भाजपा नेताओं के छत्तीसगढ़ में हो रहे लगातार चुनावी प्रवास पर कांग्रेस द्वारा इसे भाजपा के हार का डर बताने वाले बयान पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस को अपनी हार स्पष्ट दिख रही है इसलिए वो कुछ भी आंय-बांय बोल रही है।

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में 36 बड़े-बड़े वादे किये, लेकिन पूरा एक भी नहीं किया। पांच साल छत्तीसगढ़ की जनता को ठगने का काम किया। जिसका परिणाम था कि 2023 के चुनाव में कांग्रेस को सरकार से हाथ धोना पड़ा। अब उसके पास कहने के लिए कुछ नहीं है, कोई मुद्दा नहीं है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में बहुत अच्छी स्थिति में है। यहाँ के लोगों में मोदी जी के 10 साल के कार्यों और हमारी सरकार के 3 महीने के कार्यों पर पूरा विश्वास है, जनता उत्साहित है। मोदी के गारंटी के तहत माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना का दो किश्त भेज चुके हैं। किसानों को धान के दो वर्ष का बकाया बोनस और धान के अंतर की राशि 13,320 करोड़ रुपए दी जा चुकी है। श्रीराममलला दर्शन योजना की शुरुआत भी हो गई है। तेंदूपत्ता प्रति मानक बोरा 5500 रुपए में खरीदी का भी आदेश हो चुका है। जिसका लोगों में अच्छा असर है और जनता के आशीर्वाद से हम प्रदेश की पूरी 11 की 11 सीटें जितने जा रहे हैं।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने किया आरंग विधानसभा के मतदान केंद्र और एसएसटी पाइंट का निरीक्षण

मतदान केंद्रों में सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश, एसएसटी पाइंट पर सजगता से कार्य करने के दिए निर्देश

रायपुर (विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने आरंग विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों और एसएसटी पाइंट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम श्री पुष्पेंद्र शर्मा, तहसीलदार श्री राजकुमार साहू, तहसीलदार श्रीमती सीता शुक्ला, श्रीमती श्रुति शर्मा मौजूद थे।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आरंग विधानसभा के ग्राम छतौना, परसदा-नवागांव, रसनी और आरंग के स्कूलों के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में मतदाता प्रतिक्षा कक्ष चिन्हाकित किया जाएं और पेयजल, टॉयलेट, पंखा, आवाजाही के लिए पृथक-पृथक दरवाजे का होना सुनिश्चित करें। उन्होंने साथ ही एसएसटी पाइंट रसनी और पारा गाँव का निरीक्षण किया। वहां उपस्थित कर्मचारियों से बात की और उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सजगता से दिए जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जाए और पॉइंट से गुजरने वाले सभी वाहनों की गंभीरता के साथ चेकिंग करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर एसएसटी पॉइंट पर कूलर और फ्रीज उपलब्ध कराएं गए है, ताकि ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को ठंडा पानी और गर्मी से बचने के लिए ठंडी हवा मिल सके। साथ ही फ्रिज में ओआरएस के पैकेट आवश्यक दवाईयां भी उपलब्ध कराए गए हैं।

प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने ली स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक

निमार्णाधीन कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक श्री अविनाश मिश्रा ने आज समीक्षा बैठक लेकर स्मार्ट सिटी मिशन के तहत प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माणाधीन कार्यों का निरंतर पर्यवेक्षण करें एवं जून माह से पहले सभी प्रोजेक्ट पूर्ण कर लिया जाए। रायपुर स्मार्ट सिटी कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मुख्य रुप से अंडरग्राउंड केबलिंग, 24ङ्क7 जलापूर्ति योजना, शास्त्री बाजार, मटन मार्केट, महाराजबंध, नरैया व खो-खो तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी सहित अन्य प्रोजेक्ट की प्रगति की विस्तार से जानकारी लेकर जून माह की तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) श्री पी.के. पंचायती, उप-महाप्रबंधक (वित्त) श्री अमित शर्मा, डिप्टी मैनेजर श्री अमित मिश्रा, मैनेजर (जी.आई.एस.) श्री रंजीत रंजन, असिस्टेंट मैनेजर श्री शुभम तिवारी, श्रीमती नेहा पटेल, श्री योगेंद्र साहू सहित स्मार्ट सिटी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

हनुमान जन्मोत्सव पर रायपुर प्रेस क्लब में भंडारा

रायपुर (विश्व परिवार)। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब की ओर से मंगलवार को भण्डारे का आयोजन किया गया। दोपहर दो बजे से शुरू हुए इस भंडारे में रात आठ बजे तक हजारों की संख्या में लोगों ने पूड़ी, छोले और हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में आम जनों के साथ ही प्रेस क्लब के कई सदस्य परिवार सहित शामिल हुए। रायपुर प्रेस क्लब की ओर से अयोजित इस भंडारे को सभी ने खूब सराहा। भंडारे का आयोजन में प्रेस क्लब सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। भंडारे के पूर्व श्री हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई, जिसमें प्रेस क्लब पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और कई वरिष्ठ सदस्य शामिल रहे। प्रेस क्लब के सदस्यों ने हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित भंडारा में तन-मन-धन से सहयोग किया और आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव अरविंद सोनवानी, वरिष्ठ सदस्य अनिल पुसदकर, बृजेश चौबे, उमाशंकर व्यास, अनिल पवार, मोहन तिवारी आदि उपस्थित रहे। प्रेस क्लब के सदस्य सत्येंद्र सिंह राजपूत, विनय घाटगे, पवन ठाकुर, प्रदीप चन्द्रवंशी, प्रकाश सिंह, गौरव शर्मा, सुधा बाघ व कई अन्य ने पूड़ी बनाने, परोसने में श्रमदान भी किया कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। कार्यकारणी सदस्य सुधीर तम्बोली एवं मोहन तिवारी का विशेष योगदान रहा।

आधुनिक वित्तीय धोखाधड़ी संबंधी जागरूकता लाने के उद्देश्य से, बैंक ऑफ बड़ौदा ने PehchaanCon 3.0 कैंपेन के लिए की कुणाल रॉय कपूर के साथ साझेदारी

वर्तमान डिजिटल युग में लोगों को उभरते खतरों के बारे में जानकारी देने एवं शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें अपनी सुरक्षा के तरीकों के बारे में बताने के लिए, बैंक ने रिलीज़ की दो नई विज्ञापन फिल्में

मुंबई (विश्व परिवार)। भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज अपने बैंकिंग धोखाधड़ी जागरूकता अभियान #PehchaanCon 3.0 को रिलीज किए जाने की घोषणा की। इससे पहले के दो संस्करणों की शानदार सफलता तो आगे बढ़ाते हुए, इस नए अभियान का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से होने वाले डीपफेक स्कैम जैसी आधुनिक युग की धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, क्योंकि इससे अत्यधिक सतर्कता बरतने वाले ग्राहक भी इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार बन सकते हैं।

बैंक ने #PehchaanCon अभियान के तीसरे चरण 3 में जाने-माने अभिनेता, कुणाल रॉय कपूर द्वारा अभिनीत दो नई विज्ञापन फ़िल्में रिलीज़ की हैं। हँसी-मज़ाक के साथ जानकारी से भरे कंटेंट्स वाले ये वीडियो बताते हैं कि कोई भी व्यक्ति यहाँ तक कि हमारे बीच का सबसे स्मार्ट और सबसे प्रभावशाली व्यक्ति भी किस तरह से अंत में धोखे का शिकार बन सकता है। आजकल परिवार के सदस्य/किसी करीबी रिश्तेदार के रूप में नकली पहचान बताकर, या फिर ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले लोगों को निशाना बनाने के लिए नकली डिलीवरी एजेंट के रूप में OTP मांगकर लोगों को धोखा देने के लिए बिल्कुल नई डीपफेक तकनीक का उपयोग किया जाता है। दरअसल यह लोगों के निजी डेटा को हैक करने वाली तकनीक है और जालसाज़ आम लोगों को ठगने के लिए कई अलग-अलग तरीकों के साथ-साथ इसका भी इस्तेमाल कर रहे हैं।

ये विज्ञापन दिखाते हैं कि, कोई भी व्यक्ति किस तरह से ऐसी धोखाधड़ी का शिकार बन सकता है। इसमें कुणाल रॉय कपूर ने एक शांत स्वभाव के नेकदिल डॉक्टर की भूमिका निभाई है, जिनके सामने उनके मरीज़ बेझिझक होकर अपने दिल की बात कहते हैं, साथ ही यह भी सोचते हैं कि भविष्य में इस तरह की धोखाधड़ी से खुद को कैसे बचाया जाए। विज्ञापन में इस बात पर बल दिया गया है कि सावधान व सतर्क रहकर और धोखेबाज/जालसाज़ या ठग को पहचानकर, ग्राहक अपनी और अपनी गोपनीय वित्तीय जानकारी की सुरक्षा कर सकते हैं, साथ ही सुरक्षित ऑनलाइन बैंकिंग एवं शॉपिंग का भरपूर आनंद ले सकते हैं।

इस मौके पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक, श्री लाल सिंह ने कहा कि आजकल लोगों को ठगने के उद्देश्य से की जाने वाली ऑनलाइन धोखाधड़ी बड़ी सामान्य बात हो गई है और यह खतरा लगातार बना हुआ है। इसके अलावा, नई तकनीक के आने के बाद से पैसों की ठगी करने वाले लोगों के काम करने के तरीकों में भी बदलाव आया है। इसलिए, सबसे जरूरी बात है कि हम सभी बहुत ज्यादा सावधानी बरतें और संभावित धोखाधड़ी/स्कैम की पहचान करना सीखें। बैंक ऑफ़ बड़ौदा का PehchaanCon अभियान ग्राहकों के लिए स्वयं सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर देता है, ताकि वे साइबर अपराधियों की वजह से संभावित खतरों से अपनी मेहनत की कमाई की सुरक्षा कर सकें।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को

रायपुर (विसं)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को संपन्न होगा। छत्तीसगढ़ की तीन सीटों राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद में वोट डाले जायेंगे, लिहाजा इन लोकसभा क्षेत्रों के लिए आज से चुनाव प्रचार का दौर थम गया है। देशभर में 7 जबकि छत्तीसगढ़ में 3 चरणों में चुनाव संपन्न होने हैं। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को संपन्न हुआ था। तब छग के एकमात्र सीट बस्तर में मतदान हुआ था। इसी तरह 26 अप्रैल को होने वाले देश के तीसरे और प्रदेश के दूसरे चरण में राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद जबकि तीसरे और अंतिम फेज में शेष 7 सीटों पर वोटिंग होगी। तीसरे चरण में कुल 168 प्रत्याशी मैदान पर होंगे, जिसमें 142 पुरुष व 26 महिला प्रत्याशी शामिल हैं। कांकेर, महासमुंद और राजनंदगांव लोकसभा सीट राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण हैं।

ग्रीष्म ऋतु में यात्रियों को कंफर्म बर्थ की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन

गर्मियों के मौसम में यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने किए गए हैं अनेक प्रयास

रायपुर (विश्व परिवार)। भारतीय रेल सभी यात्रियों को सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी संदर्भ में ग्रीष्म ऋतु में ट्रेनों में यात्रियो की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने एवं उनके सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अनेक प्रयास किए गए हैं। विभिन्न दिशाओं के लिए समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इन गाड़ियों में पीक सीजन में भी यात्रियों को कंफर्म बर्थ की सुविधा मिल रही है जिससे उनको सुगम व आरामदायक यात्रा का आनंद मिल रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली समर स्पेशल ट्रेनें इस प्रकार है-

समर स्पेशल ट्रेन- 08475/08476 पुरी-निज़ामुद्दीन-पुरी समर स्पेशल 10 फेरों के लिए - 08475 पुरी-निज़ामुद्दीन, पुरी से 19 अप्रैल से 28 जून' 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा 08476 निज़ामुद्दीन-पुरी, निज़ामुद्दीन से 20 अप्रैल से 29 जून' 2024 तक प्रत्येक शनिवार को। 08793/08794 दुर्ग-पटना-दुर्ग समर स्पेशल 03 फेरों के लिए- 08793 दुर्ग-पटना, दुर्ग से 19 अप्रैल से 03 मई' 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा 08794 पटना-दुर्ग, पटना से 20 अप्रैल से 04 मई' 2024 तक प्रत्येक शनिवार को। 08795/08796 दुर्ग-छपरा-दुर्ग समर स्पेशल 03 फेरों के लिए - 08795 दुर्ग- छपरा, दुर्ग से 15 अप्रैल से 29 अप्रैल' 2024 तक प्रत्येक सोमवार को तथा 08796 छपरा-दुर्ग, छपरा से 16 अप्रैल से 30 अप्रैल' 2024 तक प्रत्येक मंगलवार को। 01701/01702 जबलपुर-दुर्ग-जबलपुर समर स्पेशल 09 फेरों के लिए - 01701 जबलपुर-दुर्ग, जबलपुर से 22 अप्रैल से 17 जून' 2024 तक प्रत्येक सोमवार को तथा 01702 दुर्ग-जबलपुर, दुर्ग से 23 अप्रैल से 18 जून' 2024 तक प्रत्येक मंगलवार को। 08471/08472 पुरी-उधना-पुरी समर स्पेशल 17 फेरों के लिए - 08471 पुरी-उधना, पुरी से 25 अप्रैल से 27 जून 2024 तक प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को तथा 08472 उधना-पुरी, उधना से 26 अप्रैल से 28 जून 2024 तक प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को।

पर्याप्त पानी की उपलब्धता- ग्रीष्मकालीन मौसम के दौरान पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर पानी की अधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रायपुर मण्डल रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को स्वच्छ व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में वाटर कूलर व वाटर नल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यात्रा के दौरान स्टेशन में यात्रियों को पानी के लिए परेशान न होना पड़े इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पेयजल की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति की जा रही है।

भीड़भाड़ प्रबंधन- मंडल के सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड़ के नियंत्रण की व्यापक व्यवस्था की गई है। भीड़भाड़ को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित करने के लिए सभी गतिविधियों की निगरानी के लिए इन स्टेशनों पर पर्यवेक्षक तैनात हैं। आवश्यकतानुसार सामान्य श्रेणी के डिब्बों में प्रवेश के लिए कतार प्रणाली सुनिश्चित करने आरपीएफ व टिकट चेकिंग कर्मियों की तैनाती की गई है। भीड़भाड़ वाली जगहों पर कड़ी नजर रखने और यात्रियों को वास्तविक समय पर सहायता प्रदान करने के लिए सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष में कुशल आरपीएफ कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

रायपुर रेल्वे स्टेशन में यात्रियों से मिले दीपक बैज, ट्रेन रद्द होने को बताया विफलता

रायपुर (विसं)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में ट्रेनों की लेटलतिफी और कैंसिलनेशन को बडा मुद्दा बनाते हुए भाजपा को घेरने की कोशिश की है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज बुधवार को रायपुर रेल्वे स्टेशन पहुंचे और यात्रियों से मिलकर उनकी परेशानियों को जाना। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए दीपक बैज ने कहा कि, गर्मी की छुट्टियां चल रही है, शादी-ब्याह का सीजन है, लोग महीनों पहले टिकिट बुक करवा कर रखे है लेकिन ऐन यात्रा के दिन ट्रेनों के रद्द होने का फर्मान जारी हो जा रहा है।

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने अपने बयान में आगे कहा कि, छत्तीसगढ़ में ये स्थिती आज से नही बल्कि पिछले तीन सालों से चल रही है, लेकिन भाजपा सरकार और उनके नेताओं ने एक शब्द भी इस संबंध में नही बोला है। यह मोदी सरकार की तानाशाही और छत्तीसगढ़ विरोधी रवैया है पिछले 3 साल से अधिक समय से छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 62,000 ट्रेनों को बिना किसी ठोस कारण के रद्द किया गया। दीपक बैज का कहना है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने का मतलब यात्री ट्रेनों को बंद करने के षड़यंत्र करने का समर्थन करना होगा। रेलवे को बचाने के लिए आवश्यक है कि देश से मोदी सरकार की विदाई की जाए। यात्री रेल और रेल सुविधा को बचाने के लिये यह आवश्यक है कि भाजपा और मोदी के खिलाफ मतदान किया जाए।

तंबाकू और सिगरेट से बढ़ रहे ओरल कैंसर के रोगी, मुख की नियमित सफाई आवश्यक

एम्स में प्रतिदिन 10 नए रोगी आ रहे, प्रतिमाह 20 रोगियों को ऑपरेशन की आवश्यकता पड़ रही

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख कैंसर के बढ़ते रोगियों की संख्या को देखते हुए चिकित्सकों ने इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि तंबाकू और सिगरेट के बढ़ते प्रयोग, मुख की सही सफाई न करना और खाद्य पदार्थों में कैमिकल का बढ़ता उपयोग भी मुख कैंसर का बड़ा कारक बन रहा है। सीएमई में विभिन्न चिकित्सा विभागों से मिलकर कैंसर का उपचार प्रदान करने पर जोर दिया गया।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के ईएनटी विभाग के तत्वावधान में आयोजित सीएमई में चिकित्सा अधीक्षक और विभागाध्यक्ष प्रो. रेनू राजगुरु ने कहा कि कई बार मुख में घाव कैंसर का संकेत हो सकता है। उन्होंने कहा कि होठों या मुख में सूजन, सफेद या लाल रंग का चकत्ता, ढीला दांत, मुख या कान में दर्द जैसे लक्षण कैंसर के हो सकते हैं। ऐसे परिस्थितियों में तुरंत ईएनटी विशेषज्ञों की सलाह लेनी चाहिए। डॉ. रिपु दमन अरोड़ा ने बताया कि एम्स में 20 से 25 मुख कैंसर के रोगी प्रतिदिन आते हैं। इनमें अन्य चिकित्सा संस्थानों से रेफर होने वाले और फॉलोअप रोगी भी शामिल हैं। इनमें से औसतन 10 नए रोगी होते हैं। इनमें से अधिकांश को कीम्योथैरेपी और रेडियोथैरेपी की मदद से ठीक किया जा सकता है। लगभग 20 रोगियों को प्रतिमाह ऑपरेशन की आवश्यकता होती है। यदि रोगी प्रारंभिक अवस्था में ही कैंसर का चैकअप करवा लें तो उसके ठीक होने की संभावना अधिक होती है। एम्स में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कैंसर के नि:शुल्क इलाज की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। सीएमई में डॉ. सिद्धार्थ नंदा ने एक्सटर्नल बीम थैरेपी के बारे में जानकारी दी। डॉ. अमित अग्रवाल ने नियोएडजुवेंट कीम्योथैरेपी के लाभ बताए। डॉ. अविनाश तिवारी ने पैन एंड पेलिएटिव केयर के बारे में बताया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354